RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक

Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.pathakpaksh.com)

# पाठकपक्ष

वर्ष : 36 | अंक : 348

हिसार | शुक्रवार, 15 मार्च, 2024

फोन : 98964-72584, 92552-73410

मूल्य : 2.00 रूपए पृष्ठ ६



पोस्टर ही पोस्टर

हर तरह की कलर व ब्लैक एंड वाइट प्रिंटिंग कराने के लिए सम्पर्क करें।
इश्तिहार, बिल बुक व लैटर हैड आदि उचित रेट पर छपवाएं

सूचना प्रिन्टर्स O/o दैनिक पाठकपक्ष
नजदीक माडल टाउन मार्केट, हिसार
E-mail : soochnaprinter@gmail.com
98964-72584, 92552-73410







# इलेक्टोरल बॉन्ड नंबर जारी न करने पर सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई से मांगा जवाब, 18 मार्च तक का दिया समय

**पाठकपक्ष न्यूज**

**नई दिल्ली, 15 मार्च :** चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर शीर्ष अदालत को सौंपे गए चुनावी बॉन्ड पर सीलबंद लिफाफे वापस करने की मांग की थी। याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई से पूछा कि उन्होंने इलेक्टोरल बॉन्ड के नंबर्स क्यों जारी नहीं किए, जिनसे दानदाता और राजनीतिक पार्टियों के बीच का लिंक पता चल सके। सुप्रीम कोर्ट ने 18 मार्च तक एसबीआई से इस मामले पर जवाब मांगा है।

**सुनवाई के दौरान सीजेआई ने कहीं ये बातें**

चुनाव आयोग के सीलबंद लिफाफे वापस करने की मांग पर सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि डाटा को स्कैन और डिजिटलीकरण किया जा रहा है, इसमें एक दिन का समय लग सकता है। जैसे ही पूरा डाटा स्कैन हो जाएगा, तो मूल डाटा को चुनाव आयोग को वापस कर दिया जाएगा। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश ने पूछा कि एसबीआई की तरफ से कौन पेश हुआ है? एसबीआई ने बॉन्ड नंबर जारी नहीं किए हैं। स्टेट बैंक को इनका खुलासा करना चाहिए। स्टेट बैंक को सारी जानकारी प्रकाशित करनी होगी।

चीफ जस्टिस ने कहा कि संविधान पीठ ने अपने आदेश में कहा था कि एसबीआई को चुनाव आयोग को इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी, उन्हें कैश करने वाले राजनीतिक दल की जानकारी, चुनावी बॉन्ड खरीद की तारीख, चुनावी बॉन्ड खरीदने वाले यानी दानदाता की जानकारी और चुनावी बॉन्ड खरीद की तारीख और उन्हें कैश करने की तारीख की पूरी जानकारी देनी थी, लेकिन एसबीआई ने चुनावी बॉन्ड के यूनिक अल्फा न्यूमेरिक नंबर की जानकारी नहीं दी है। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई



को नोटिस जारी कर इस मामले में जवाब मांगा है। एसबीआई को 18 मार्च तक अपना जवाब देना है।

चुनावी बॉन्ड के खिलाफ याचिका दायर करने वाले एडीआर के वकील प्रशांत भूषण ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर कहा कि अदालत ने एसबीआई द्वारा चुनाव आयोग को मुहैया कराई गई जानकारी का मुद्दा उठाया है। एसबीआई द्वारा दी गई जानकारी में अल्फा न्यूमेरिक नंबर की जानकारी नहीं दी गई है, जिससे पता चलता कि किस व्यक्ति ने बॉन्ड खरीदा और वह बॉन्ड किसी राजनीतिक पार्टी ने कैश कराया। कोर्ट ने इस मामले में एसबीआई को नोटिस जारी कर मामले को सुनवाई के लिए सोमवार को लिस्टेड किया है।

**सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टोरल बॉन्ड योजना पर लगा दी थी रोक**

बीती 15 फरवरी को पांच जजों की संविधान पीठ ने केंद्र की इलेक्टोरल बॉन्ड्स योजना को असंवैधानिक बताते हुए इस पर रोक लगा दी थी। साथ ही कोर्ट ने इलेक्टोरल बॉन्ड योजना के एकमात्र फाइनेंशियल संस्थान एसबीआई बैंक को 12 अप्रैल 2019 से अब तक हुई इलेक्टोरल बॉन्ड की खरीद की पूरी जानकारी 6 मार्च तक देने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की याचिका पर सुनवाई की थी, जिसमें एसबीआई बैंक ने इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ी जानकारी साझा करने की समय सीमा 30 जून तक बढ़ाने की मांग की थी।

सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि 'आप (एसबीआई) कह रहे हैं कि दानदाताओं और राजनीतिक पार्टियों की जानकारी सील कवर के साथ एसबीआई की मुंबई स्थित मुख्य शाखा में है। मैचिंग प्रक्रिया में समय लगेगा, लेकिन हमने आपको मैचिंग करने के लिए कहा ही नहीं था और हमने सिर्फ स्पष्ट डिस्कलोजर मांगा था। सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई को 12 मार्च तक चुनाव आयोग के साथ चुनावी बॉन्ड की जानकारी साझा करने का आदेश दिया था और चुनाव आयोग को 15 मार्च तक यह पूरी जानकारी अपनी वेबसाइट पर सार्वजनिक करनी थी। हालांकि चुनाव आयोग ने 14 मार्च की शाम को ही चुनावी बॉन्ड से संबंधित जानकारी सार्वजनिक कर दी।'

## कल लोकसभा चुनाव की तारीखों का एलान करेगा चुनाव आयोग

*कुछ राज्यों के विधानसभा चुनाव भी होंगे घोषित*

***पाठकपक्ष न्यूज***

***नई दिल्ली, 15 मार्च :*** *देश में लोकसभा चुनाव की तारीखों का एलान कल यानी शनिवार को कर दिया जाएगा। इसके साथ ही कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव की घोषणा भी की जाएगी। चुनाव आयोग की ओर से बताया गया कि लोकसभा चुनाव और कुछ राज्य विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा कल की जाएगी। चुनाव आयोग दोपहर 3 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसका एलान करेगा। मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को खत्म हो रहा है और उससे पहले नई सरकार के गठन की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। लोकसभा चुनाव के साथ आंध्र प्रदेश, ओडिशा, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव की तारीखों का भी एलान हो सकता है। इसके साथ ही जम्मू-कश्मीर में चुनाव होंगे या नहीं? यह भी कल साफ हो जाएगा। चुनाव की तारीखों के एलान को चुनाव आयोग के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लाइव स्ट्रीम किया जाएगा।*

## अमिताभ बच्चन अस्पताल में हुए भर्ती

***पाठकपक्ष न्यूज, मुम्बई, 15 मार्च :*** *81 साल के बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन की तबियत बिगड़ने की वजह से सुबह अस्पताल में भर्ती कराय गया था। एक्टर की एंजियोप्लास्टी सर्जरी हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आज सुबह 6 बजे ही अमिताभ बच्चन को कोकिलबन अस्पताल में एडमिट कराया गया, ताकि उनके दिल की सर्जरी हो सके। सर्जरी में हृदय की मांसपेशियों तक ब्लड सप्लाई करने वाली रक्त वाहिकाओं को खोला जाता है। एक्टर के अस्पताल में भर्ती होने की खबर के मिलते ही फैंस को उनके सेहत की चिंता होने लगी है। शहंशाह के फैंस एक्टर के ठीक हो जाएं दुआ भी मांग रहे हैं।*

## अज्ञात वाहन की टक्कर से तीन दिन बाद 37 वर्षीय व्यक्ति ने तोड़ा दम

***पाठकपक्ष न्यूज***

***हिसार, 15 मार्च :*** *मंगाली सुरतिया गांव में पैदल जा रहे 37 वर्षीय व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। आसपास के लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान मंगाली सुरतिया निवासी राजेंद्र के रुप में हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने धारा 304अ के तहत अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार, राजेंद्र मंगाली ईंट भट्ठे पर काम करता था। उसके पांच बच्चे हैं। 12 मार्च की शाम 7.00 बजे रात को भट्ठे पर काम करके वह पैदल ही अपने घर वापस लौट रहा था। जब वह डाया रोड पहुंचा तो पीछे से आए अज्ञात वाहन टक्कर मार दी। वाहन की टक्ककर से वह सड़क पर गिर गया और उसके सिर में गहरी चोट लगी। लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने राजेंद्र को नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद अग्रोहा मेडिकल रेफर कर दिया। गुरुवार को उपचार के दौरान राजेंद्र ने दम तोड़ दिया। मंगाली चौकी के एएसआई सुखबीर सिंह ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 279 और 304 ए सहित के तहत मामला दर्ज कारगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।*






## नायब सिंह सैनी जमीन से जुड़े मेहनती व संघर्षशील कार्यकर्ता : कैप्टन भूपेन्द्र

**प्रदेश करेगा तरक्की, सभी 10 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज करेगी भाजपा**

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 15 मार्च :** भाजपा प्रदेश सचिव कैप्टन भूपेन्द्र, वीरचक्र ने नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाए जाने का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि नायब सिंह सैनी जमीन से जुड़े मेहनती व संघर्षशील कार्यकर्ता है, जिन्होंने हमेशा संगठन की मजबूती पर जोर दिया है। कैप्टन भूपेन्द्र, वीरचक्र ने कहा कि नायब सिंह सैनी पार्टी के युवा, सुलझे हुए व ईमानदार कार्यकर्ता है, जिन्होंने मेहनत के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। पार्टी में विभिन्न पदों पर रहते हुए नायब सिंह सैनी ने हमेशा संगठन की मजबूती के लिए काम किया और जब उन्हें प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया, तब पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता में अलग ही उत्साह देखा गया। अब जैसे ही नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश की कमान सौंपी गई है, जो कार्यकर्ताओं का उत्साह और ज्यादा बढ़ गया है। कैप्टन भूपेन्द्र, वीरचक्र ने कहा कि पार्टी हाईकमान ने नायब सिंह सैनी का मुख्यमंत्री के रूप में चयन करके आम कार्यकर्ता का सम्मान किया है। वास्तव में भारतीय जनता पार्टी ही ऐसी पार्टी है, जिसमें एक आम कार्यकर्ता मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंच सकता है क्योंकि भाजपा



में ही आम कार्यकर्ता को पूरा सम्मान मिलता है। उन्होंने विश्वास जताया कि नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश उन्नति के रास्ते पर अग्रसर होगा और आने वाले लोकसभा चुनाव में सभी 10 लोकसभा सीटें जीतकर केन्द्र में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने में हरियाणा अहम भूमिका निभाएगा।


गुप्ता हस्पताल
नजदीक अनाज मण्डी, सैक्टर-14, सिरसा रोड़, हिसार-125001 (हरि.)
डॉ. नकुल गुप्ता
MBBS, MD, (Medicine)
भूतपूर्व कंसल्टेन्टः गंगाराम हस्पताल, दिल्ली
ब्लड प्रेशर, शुगर, हृदय, पेट रोग, लीवर, साँस, दमा, गठिया व जोड़, नींद ना आना, डिप्रैशन, सिर दर्द, घबराहट दौरे, शराब एवं HIV / AIDS रोग विशेषज्ञ
ECHS, हरियाणा सरकार
आयुष्मान व अन्य T.P.A. के पैनल पर
यहां बीपीएल कार्ड धारकों, विधवाओं, गरीब व्यक्ति, आर्मी कर्मियों व आयुष्मान कार्ड वालों के लिए
निःशुल्क परामर्श आजीवन उपलब्ध है
फोन: 92543-78993, 86073-16964










## सम्पादकीय..........

### सबकी निगाहें नए चुनाव आयुक्तों पर...

*लोकसभा चुनाव से ठीक पहले दो रिक्त स्थानों पर नए चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति स्वागत योग्य कदम है। पिछले करीब एक सप्ताह से चुनाव आयोग में केवल मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ही रह गए थे, अतः ये नियुक्तियां अनिवार्य हो गई थीं। तीन आयुकतों में से एक चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे 14 फरवरी को सेवानिवृत्त हो गए, जबकि दूसरे सदस्य अरुण गोयल ने विगत 9 मार्च को अचानक इस्तीफा दे दिया था। ऐसे में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने सेवानिवृत्त नौकरशाह सुखबीर सिंह संधू और ज्ञानेश कुमार को नए चुनाव आयुक्त के रूप में चुना है। चुनाव आयुक्तों की दौड़ में 212 अधिकारियों के नाम शामित्र थे, जिनमें से छह नामों की सूची ही समिति के सामने अंतिम निर्णय के लिए रखी गई। चयन समिति में शामिल विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी को बैठक से कुछ देर पहले ही छह नामों की सूची सौंपी गई, जिस पर उन्होंने अपनी आपत्ति या अलग मत का इजहार किया है, जिसे पूरी तरह से शायद ही कोई खारिज कर सकता है। चुनाव आयुक्त चुने गए दोनों ही अधिकारी अनुभवी हैं और उनके अनुभव से आयोग को अवश्य लाभ होगा। पहली नजर में इन दोनों अधिकारियों को लेकर किसी तरह के विवाद की चर्चा नहीं है, अतः इन नियुक्तियों की सराहना की जा सकती है। सरकार के विरोधियों के बीच अक्सर यह चर्चा होती है कि गुजरात से संबंधित अधिकारियों को ज्यादा आगे बढ़ाया जाता है, पर संधू उत्तराखंड कैडर, तो ज्ञानेश कुमार केरल कैडर के अधिकारी रहे हैं। हां, अधीर रंजन चौधरी की जो शिकायत है, वह अब आगे के वर्षों में हमेशा कायम रहने वाली है। देश में सरकार कोई भी रहेगी, विपक्ष इन नियुक्तियों पर सवाल उठाता रहेगा। पिछले साल चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर ऐसा कानून बन गया है, जिसके तहत चयन समिति में देश के प्रधान न्यायाधीश की कोई भूमिका नहीं रह गई है और उनकी जगह एक केंद्रीय मंत्री को दे दी गई है। जाहिर है, ऐसे में सरकार का पलड़ा भारी हो गया है, जिसकी शिकायत अगर विपक्ष के नेता कर रहे हैं, तो किसी को चौंकना नहीं चाहिए। चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़ी एक याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई भी होनी है। खैर, अब जब नए आयुक्त अपना कार्यभार संभाल लेंगे, तो अठारहवीं लोकसभा के लिए चुनाव की तिथियों का इंतजार भी खत्म होगा। निस्संदेह, चुनाव आयुक्तों पर बड़ी जिम्मेदारी होती है। एक चुनाव आयुक्त टी एन शेषन भी थे, जिन्होंने अपने निर्णयों से विपक्ष के साथ-साथ सत्ता पक्ष को भी सुधार करने के लिए मजबूर कर दिया था। शेषन ने सौ से ज्यादा चुनावी खामियां दूर की थीं और खामियों की वजह से उन्होंने चुनाव रोकने की प्रक्रिया शुरू की थी। अनियमितता की रिपोर्ट मिलने के बाद उन्होंने कई सीटों पर बड़े पैमाने पर पुनर्मतदान करवाया था। बहरहाल, तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने ही तीन सदस्यीय आयोग संबंधी 1989 में बने कानून को मुस्तैदी से लागू किया। जाहिर है, तीन सदस्यीय आयोग को राजनीतिक दलों के बीच इसी आधार पर तरजीह मिली थी कि कोई एक चुनाव आयुक्त मनमानी न कर सकेगा। इसमें कोई शक नहीं कि टी एन शेषन के बाद ही अपने देश में चुनाव आयोग को काम करते देखा गया और आज भी लोग उससे बहुत उम्मीदें रखते हैं। आज देश चुनाव की ठीक दहलीज पर है, तो फिर सबकी निगाहें आयोग और नए चुनाव आयुक्तों पर टिक गई हैं।*

## सुकर्म को सिद्ध क्या करना, मन सब कुछ जानता है

**अध्यात्म**

हमारे भीतर-बाहर जो घटता है, उसमें अबूझ कुछ नहीं। जैसी करनी वैसी भरनी, जो देंगे वही बढ़ कर मिलेगा, जो बोएंगे वही काटने को मिलेगा। यही कर्म सिद्धांत का आधार है। दसों ज्ञानेंद्रियों-कर्मेंद्रियों से किए प्रत्येक कार्य की एक निश्चित परिणति होती है, निरस्त कुछ नहीं होता। कार्य के स्वरूप और गंभीरता के अनुरूप कर्ता को प्रतिफल मिलेगा। इस प्राकृतिक विधान की अनदेखी से व्यक्ति अपने सुख, शांति और समृद्धि के द्वार अवरुद्ध करता है। आपके कर्मों के लिए अन्य कोई जिम्मेदार नहीं होता है। अपने कर्मों का फल स्वयं को मिलता है। दूसरों का आदर करें या तिरस्कार, उन्हें राहत दें या आहत करें, उन्हें आवश्यक वस्तु प्रदान करें या उनसे झपट लें निर्णय आपका है। किंतु आपको अपने प्रत्येक कृत्य का हिसाब चुकता करना होगा। आपके कार्य या व्यवहार से दूसरे पर क्या और कितनी बीतेगी, यह उसके विवेक पर निर्भर है। नेकी, प्रेम, समादर, दया, उदारता जैसे भाव सत्कर्म श्रेणी के हैं, इनका व्यवहार सुफल देता है। इसके विपरीत दुराचार, स्वार्थ, घृणा, प्रतिशोध, ईर्ष्या, वैमनस्य दुखजन्य हैं। सुकर्म या नेकी एक नजरिया है। इसका ढोल नहीं पीटा जाता। भलमनसाहत किसी मंच पर सिद्ध नहीं करनी होती, क्योंकि सबसे बड़ी अदालत तो अपने भीतर है। घोषणाएं तब की जाती हैं जब मंशा बेहतरीन आचरण की छवि पेश करने की हो। स्वयं को स्थापित करना हो। आत्मिक तुष्टि को क्या जताना/ दिखावा और लीपापोती तो संदेहास्पद निष्ठाओं के द्योतक हैं। नामी लेखक एंड्रयू कार्नेगी ने कहा है कि कोई आपका कितना ख्याल रखता है, इसका आकलन उसके शब्दों से नहीं बल्कि उसके व्यवहार और हावभाव से होगा। सदाचारी व्यक्तियों के सान्निध्य में रहना और उनसे अपने सरोकार साझा करना ही सत्संग है। इसका सुफल मिलता ही है। इसके विपरीत कदाचारी की संगत सुफल नहीं देती। आकलन करें- जिन्होंने निजी स्वार्थों की आपूर्ति में जीवन बिताया, सयानों की सम्मति को दरकिनार किया, परहित का खयाल न रखा, उनके जीवन में सुख-समृद्धि नहीं आई। तिरस्कार, विद्वेष, शत्रुता, वैमनस्य, प्रतिशोध जैसे नकारात्मक भावों को हृदय में संजोने और सिंचित करने से कर्म नहीं सुधरेंगे। जिस भाव को सही और अनुकरणीय मान लें, उसी दिशा में हम बढ़ते रहें। कर्मफल के सिद्धांत से यह आशय नहीं कि शेष जीवन की दिशा-दशा में सकारात्मक बदलाव नहीं ला सकते। जरूरत निष्ठा से संकल्प लेने और मनोयोग से उस दिशा में जुट जाने की है। वर्तमान में हम जिस राह पर चल रहे हैं, यदि ईमानदारी से उसकी आलोचनात्मक समीक्षा की जाए और उसमें यथोचित सुधार किया जाए तो कर्म सुधरते हैं। इसके लिए सोच, व्यवहार, आचरण और आदतों में तब्दीली लानी पड़ सकती है, जो कठिन है, पर असंभव नहीं। मन की अदभुत अथाह शक्ति के उल्लेख में अमेरिकी लेखक नेपोलियन हिल बताते हैं- किसी भी मकसद या विचार को निष्ठा से मन-मंदिर में बैठा कर जिंदगी में मनचाहा बदलाव ला सकते हैं। कर्म की राह का चयन अहम है, जिसके लिए आप स्वतंत्र हैं। किंतु जो राह चुन ली, उससे वापसी दुष्कर होगी। आज जहां खत्म हुआ, वहीं से कल की शुरुआत होगी।

## सुण मौल्लड़ की



मनोहर लाल खट्टर के हटते ही लोगों ने उनकी प्रशंसा शुरू कर दी।

**न खर्ची, न पर्ची-अर न क्षेत्रवाद, जातिवाद।**

## कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** नए लोगों का संपर्क भाग्योदय में सहायक रहेगा। बिखरे कार्यों को समेटने में परिजनों का सहयोग मिलेगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे।

**वृषभ :** मन संवेदनशील बना रहेगा। कला के क्षेत्र में रूचि बढ़ेगी। अनुभवी लोगों का साथ प्राप्त होगा।

**मिथुन :** मन में चिड़चिड़ापन बना रहेगा। लोग गुमराह करने की कोशिश करेंगे। सावधानी रखें। असामाजिक कार्यों से दूर रहें। भगवान शिव जी की पूजा करें।

**कर्क :** लम्बे समय से चली आ रही समस्याएं समाप्त होगी। लोगों का सहयोग मिलेगा। नई योजनाओं की शुरूआत लाभकारी रहेगी।

**सिंह :** भौतिक सुख साधनों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ खुशी भरा समय व्यतीत करेंगे। यात्रा शुभ रहेगी।

**कन्या :** भाग्योदय के अवसर मिलेंगे। पूंजी निवेश से लाभ होगा। मेहनत के अनुसार सफलता मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

**तुला :** कोई नया कार्य आरंभ न करें। व्यापार संबंधी महत्वपूर्ण निर्णयों को टाल दें। विवादों से दूर रहें। काली माता की पूजा करें।

**वृश्चिक :** व्यापार में नए अवसर प्राप्त होंगे। सांझेदारी के कार्यों से लाभ होगा। व्यापारिक सांझेदारों के साथ संबंध मुधर रहेंगे।

**धनु :** अनावश्यक तनाव मन को परेशान करेगा। षडयंत्र का शिकार हो सकते हैं। सावधानी बरतें। दौड़ धूप के बावजूद सफलता मिलना मुश्किल है। भगवान हनुमान जी की पूजा करें।

**मकर :** मौज मस्ती में समय व्यतीत होगा। बच्चों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षकों के लिए दिन शुभ रहेगा।

**कुंभ :** मन में अंजाना भय बना रहेगा। मित्रों के साथ संबंधों को मधुर रखें। धैर्यपूर्वक कार्य करें। गाय माता की सेवा करें।

**मीन :** दिन भाग्यशाली रहेगा। प्रत्येक कार्य में सफलता प्राप्त होगी। महत्वपूर्ण निर्णय लाभकारी साबित होंगे।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)

## हम तो बाबा के भरोसे चलते हैं.....

### अग्रसेन भवन में प्रथम श्याम फाल्गुन महोत्सव का आयोजन

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 15 मार्च :** श्री श्याम दर्शन परिवार द्वारा वीरवार सायंकाल अग्रसेन भवन में प्रथम विशाल श्रीश्याम फाल्गुन महोत्सव एवं भंडारे का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए संस्था के प्रधान देवेंद्र गर्ग ने बताया कि अग्रसेन भवन ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खरियावाला ने सपत्नीक उपस्थित होकर महोत्सव में ज्योत प्रज्जवलित की। उनके साथ समाजसेवी एन.के. गोयल, राजेश बंसल, संजय गुप्ता ने भी अतिथि के रुप मे भाग लिया। साध्वी सुजाता कृष्णदेव विशेष रुप से उपस्थित हुए। सभी अतिथियों को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। महोत्सव में कोलकत्ता से आये भजन गायक रवि बेरीवाल, जयपुर से आई रजनी राजस्थानी, उचाना से आये सोनू बंसल, हिसार से अभिनव ऐरण व पवन गेरा ने श्याम बाबा का गुणगान किया। गाये गए भजनों में बता कद ताला खोलेगा मेरी बंद किस्मत का...., हारा हूं बाबा पर तुझ पे भरोसा है...., कीजो केसरी के लाल मेरो छोटो सो यो काम...., हम तो बाबा के भरोसे चलते हैं.... के अलावा धमाल पर घण्टों तक झूमते रहे। इस अवसर पर हजारों श्याम भक्तों ने बाबा के दरबार मे माथा टेककर प्रसाद ग्रहण किया।



श्याम बाबा के दरबार मे ज्योत जलाते अग्रसेन भवन ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खरियावाला व अन्य।

## कर्म का मर्म

### यज्ञ की सच्ची आहुति

एक बार धर्मराज युधिष्ठिर ने बड़े विधि विधान से एक महायज्ञ का आयोजन किया। यज्ञ पूरा होने के बाद उसमें दूध और घी से आहुति दी गई। लेकिन आकाश से घंटियों की ध्वनि नहीं सुनाई पड़ी। उस समय ऐसी मान्यता थी कि यज्ञ के बाद आकाश से घंटियों की ध्वनि आनी चाहिए। जब तक घंटियां नहीं बजतीं तब तक यज्ञ अपूर्ण माना जाता था। महाराज युधिष्ठिर को चिंता हुई। उन्होंने भगवान कृष्ण से अपनी समस्या बताई। कृष्ण ने कहा, 'किसी गरीब, सच्चे एवं निश्चल हृदय वाले व्यक्ति को बुलाकर उसे भोजन कराएं। तभी आपकी समस्या दूर होगी।' धर्मराज स्वयं उसकी खोज में निकले और उन्होंने ऐसे ही एक निर्धन व्यक्ति की कुटिया को खोज निकाला। अपना परिचय देते हुए कहा, 'बाबा आप हमारे यहां भोजन करने की कृपा करें।' पहले तो उस व्यक्ति ने मना कर दिया। उसके मन में कुछ शंका थी। वह समझ नहीं पा रहा था कि आखिर इतना बड़ा राजा उस जैसे मामूली आदमी को खिलाने के लिए इतनी दूर से स्वयं क्यों आएगा। फिर भी बार-बार अनुरोध किए जाने पर वह तैयार हो गया। युधिष्ठिर उसे लेकर यज्ञ स्थल पर आए। द्रौपदी ने अपने हाथों से बना स्वादिष्ट खाना उसे खिलाया। भोजन करने के बाद उस व्यक्ति ने जैसे ही संतुष्ट होकर डकार ली, आकाश से घंटियों की आवाज आने लगी। युधिष्ठिर ने कृष्ण से पूछा, 'भगवान, इस निर्धन व्यक्ति में ऐसी कौन सी विशेषता है कि उसके भोजन करने के बाद यज्ञ सफल हो सका/' कृष्ण बोले, 'आपने पहले जिन व्यक्तियों को भोजन कराया था, वे सब पहले से ही तृप्त थे। उन्हें भोजन कराना कोई विशेष उपलब्धि नहीं थी। जो अतृप्त हैं, जिन्हें सचमुच भोजन की आवश्यकता है, उन्हें खिलाने से उनकी आत्मा को जो संतोष मिलता है, वही यज्ञ की सच्ची आहुति होती है। आपने एक अतृप्त व्यक्ति को भोजन कराया तभी देवता प्रसन्न हुए।



## शिव कॉलोनी में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित, 109 व्यक्तियों की स्वास्थ्य जांच की गई



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 15 मार्च :** रैडक्रॉस सोसायटी द्वारा टीबी अस्पताल के सहयोग से वीरवार को शिव कॉलोनी स्थित जिन्दल धर्मशाला में एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें व्यक्तियों की टीबी, एचबी, शुगर, बीपी इत्यादि की जांच की गई तथा स्वास्थ्य जांच शिविर में जलपान की व्यवस्था की गई। शिविर में 109 व्यक्तियों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में डॉ मनजीत जांगडा एवं रैडक्रॉस सोसायटी से जिला प्रशिक्षण अधिकारी विनोद कुमारी, जिला समन्वयक कुलदीप सिंह, कुलदीप सोनी, अनिल कुमार, अजय व टीआई प्रोजेक्ट से प्रोजेक्ट संचालक सुषमा भारद्वाज, लेखाकार प्रियंका राणा व ओआरडब्लू संजय सोनी सहित रैडक्रॉस स्टाफ उपस्थित रहा।

## एफसीआई मैंबर पुनित इंदौरा ने कैमरी रोड पर राशन डिपू का किया औचक निरीक्षण, डिपो संचालक धांधली करते हुए पाया गया

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 15 मार्च :** एफसीआई के सदस्य डॉ. पुनित इंदौरा ने गत दिवस कैमरी रोड वार्ड 17 के एक डिपो पर जाकर औचक निरीक्षण किया जहां पर उन्हें कई अनियमितताएं देखने को मिली। डॉ. पुनित इंदौरा ने बताया कि उन्होंने आज उक्त डिपो पर जाकर जांच की तो वहां चल रही धांधली पकड़ी गई। डिपो को लेकर उन्हें कई शिकायतें मिली थी जिस पर एफसीआई सदस्य होने के नाते उन्होंने डिपो का निरीक्षण किया। पुनित इंदौरा ने बताया कि वे सामान्य ग्राहक की तरह डिपो पर गए और डिपो संचालक को मौके पर ही धांधली करते पकड़ा लिया। डिपो संचालक लोगों को जो भी राशन का गेहूं, चावल और बाजरा इत्यादि दे रहा था उसका बिल ग्राहकों को नहीं दिया जा रहा था। वहीं ग्राहकों से राशन के दाम भी अधिक वसूले जा रहे थे। एफसीआई सदस्य डॉ. पुनित इंदौरा ने खाद्य आपूर्ति अधिकारी को उक्त डिपो संचालक के खिलाफ नियम अनुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिए हैं। डॉ. इंदौरा ने कहा कि हिसार शहर में राशन डिपो में हो रही धांधलियों को तुरंत प्रभाव रोका जाएगा। अब वे नियमित रूप से शहर के राशन डिपो की जांच करेंगे और जो भी धांधली करते हुए पाया गया उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।



## उत्तम नगर गुरुद्वारा में नया साल गुरु दे नाल महान समागम 17 मार्च को

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 15 मार्च :** उत्तम नगर स्थित नवां गुरुद्वारा बाबा बंदा बहादर रामदास सर में 17 मार्च को नया साल गुरु दे नाल महान समागम का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए गुरुद्वारा के सेवादार बाबा त्रिलोचन सिंह ने बताया कि इस दिन प्रातः 9:00 बजे श्रीसहज पाठ साहब भोग होगा। 9:30 बजे से 10:30 बजे तक श्री सुखमणि साहब पाठ के बाद कीर्तन समागम का आयोजन किया जाएगा जिसमें भाई इंद्रजीत सिंह सिरसा वाले व परविंद्र सिंह हिसार वाले कीर्तन करेंगे। दोपहर 1:00 बजे अरदास के बाद गुरु का अटूट लंगर चलाया जाएगा।

## राजकीय महाविद्यालय में आयोजित सलाद सजावट प्रतियोगिता में खुशवंत रही प्रथम



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 15 मार्च :** राजकीय महाविद्यालय हिसार की गृह विज्ञान सोसायटी द्वारा विगत दिवस सलाद सजावट प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 7 छात्रों और 16 छात्राओं ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रकार की आकृतियों में फल व सब्जियों की प्रस्तुति की। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका डॉ. शशि बाला व डॉ. सुदेश शर्मा ने निभाई। बीए तृतीय वर्ष के खुशवंत ने प्रथम, समिता ने द्वितीय व तमन्ना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. दीपमाला लोहान ने छात्र व छात्राओं की खूब प्रशंसा की तथा उन्हें और अधिक रूचि से सीखने को प्रोत्सहित किया। विभागाध्यक्ष ने बताया की विद्यार्थी यहां टेबल मैनर्स व टेबल सैटिंग भी सीखते है। प्रतियोगिता के आयोजन में डॉ. पंकज गिल व श्रीमती कौशल ने उचित सहयोग दिया। विजेता को नकद पुरस्कार प्राचार्या महोदया के कर कमलों द्वारा प्रदान किए गए।

## विकास खुराना का रस्म उठाला 16 मार्च को



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 15 मार्च :** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय कैंपस निवासी विकास खुराना का वीरवार को ऋषि नगर स्थित श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। उल्लेखनीय है कि एचएयू कैंप निवासी महेंद्र खुराना का पुत्र 30 वर्षीय विकास खुराना 28 फरवरी को घर से घुमने के लिए निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। उसका शव गत दिवस गांव सलेमगढ़ में बरामद हुआ था। परिजनों ने बताया कि विकास खुराना का रस्म उठाला 16 मार्च को दोपहर 1 बजे से लेकर 2 बजे तक एचएयू के कम्यूनिटी सेंटर में किया जाएगा।

## ध्यान से जीवन में शांति विषय पर ओशो ध्यान उपवन में 17 मार्च को लगाया जाएगा शिविर

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 15 मार्च :** अलग-अलग प्रयोजनों से एवं जल्दी प्राप्ति के लिए मनुष्य अंधाधुंध दौड़ते हुए तनाव व अवसाद का शिकार हो रहा है। इस तनाव व अवसाद से राहत प्रदान करने एवं जीवन में शांति के लिए ध्यान के महत्व को समझाने के लिए ओशो ध्यान उपवन में 17 मार्च को शिविर लगाया जाएगा। प्रातः 10 बजे से प्रातः 12 बजे तक चलने वाले इस शिविर में हिसार व आसपास के क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे। शिविर के संचालक संजय स्वामी ने बताया कि मनुष्य की कई तरह की लालसाएं हैं। उन लालसाओं के वशीभूत होकर इंसान अंधी दौड़ में लगा है। मानव जीवन के महत्व को दरकिनार करके इंसान केवल भौतिकवाद को ही सर्वस्व मान बैठा है। इस कारण अधिकतर लोग तनावग्रस्त होकर विभिन्न बीमारियों का शिकार हो जाते हैं।

|| राम ||
Lovely Salon
Estd. 1974
Will be Closed on Tuesday
Ram Smarpan, N-121, Model Town, Gurudwara Road, Hisar
Ph.: 01662-247570, 9896851500
(web : www.lovelysalon.in)
Hair Studio | Make up
Skin Treatment | Nail Art

राम
müse-II
Above Lovely Salon, Gurudwara Road, Model Town, Hisar



Multi Designer Store
प्लस साईज है तो अपनाएं ये फैशन टिप्स :
1. लेयरिंग वाले कपड़े न डालें।
2. स्लिम लुक पाने के लिए काले और नेवी ब्लू जैसे गहरे रंग का उपयोग करें।
3. योक लाईन से बचें। फैशन टिप्स के लिए फोन करें :8222035555

# साइबर अपराध से बचने के लिए जागरूकता ही सबसे बेहतर विकल्प : एडीजीपी डॉ. एम. रवि किरण




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 15 मार्च :** हिसार मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डॉ एम. रवि किरण ने वीरवार को अपने कार्यालय में हिसार मंडल में घटित साइबर अपराधों व इन अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए हिसार मंडल पुलिस द्वारा किए जा रहे हैं कार्यों के समीक्षा की। उन्होंने कहा कि साइबरअपराध को घटित होने से रोकने के लिए जागरूकता ही सबसे अच्छा विकल्प है। साइबर अपराधी विभिन्न प्रकार के लालच, डर-भय का प्रयोग करके अपने जाल में फंसाने का प्रयास करते हैं। साइबर ठगों के अपराध करने के तरीकों के बारे में पहले से ही आम जन जागरूक होंगे तो बचाव मुमकिन है। समीक्षा उपरांत उन्होंने हिसार मंडल सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को इस दिशा में अधिक से अधिक जागरूकता फैलाने को कहा। इस वर्ष हिसार मंडल के सभी साईबर थानों में अभी तक साइबर अपराध व आईटी एक्ट के तहत 42 मुकदमे दर्ज हुए है। जिनमें जिला हिसार से 16, पुलिस जिला हांसी से 03, जिला जींद में 09, जिला फतेहाबाद में 05 व जिला सिरसा में 09 मुकदमें दर्ज किए गए हैं। मंडल पुलिस ने वर्ष 2024 में साइबर व आईटी एक्ट के तहत दर्ज मुकदमों मे तत्परता से कार्य करते हुए 27 आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल की सलाखों के पीछे भेजा है।

### साइबर अपराधी आजकल नए-नए तरीकों से लोगों को अपने जाल में फंसाने का कार्य करते है

1. *वे सरकारी संस्थानों पुलिस विभाग आदि के नाम पर नकली वेबसाइट बनाकर आमजन को टारगेट करते है व लोगों को नोटिस भेजकर उनको डराते-धमकाते है व उनसे ठगी का प्रयास करते हैं।*
2. *साइबर अपराधी कस्टम अधिकारी बनकर आपको विदेशी फोन नंबरों से कॉल करते है कि आपके नाम आए हुए कोरियर में नशीला पदार्थ है जो आपने मंगवाया हैं। इस प्रकार की कॉल आने पर तुरंत सावधान हो जाएं व तुरंत पुलिस के साइबर हेल्पलाइन नं 1930 पर सूचना दें।*
3. *साइबर अपराधी आपको फोन करके कहते हैं कि आपके बच्चे/रिश्तेदार को विदेश में पुलिस ने किसी अपराध में पकड़ रखा है उसे वापिस भेजने के नाम पर आपसे पैसे की डिमांड की जाती है।*
4. *साइबर ठगों द्वारा आपको बिजली बिल/मोबाइल बिल का भुगतान करने बारे मैसेज में लिंक भेजा जाता है। इस प्रकार के लिंकों पर कभी भी क्लिक ना करें क्योंकि कोई भी कंपनी अपने किसी भी ग्राहक को इस प्रकार के लिंक मैसेज नहीं करती है। ऐसा करने से आपको बैंक खाते को साफ कर सकते हैं।*
5. *कई बार साइबर अपराधी बैंक अधिकारी बनकर भी आपको लिंक भेजते हैं कि आपका बैंक अकाउंट को अगले 24 घंटे में बंद कर दिया जाएगा। ऑनलाइन केवाईसी अपडेट करने के नाम पर प्राप्त हुए किसी भी अनजान सेंडर के मैसेज पर ध्यान ना दें।*
6. *साइबर अपराधी वीडियो कॉलिंग के माध्यम से अश्लील वीडियो चलाकर आपके फोटो को एडिट करके वायरल करने की धमकी देते है व पैसे की मांग करते हैं।*
7. *साइबर अपराधी आपको ऑनलाइन टास्क पूरा करके पैसे कमाने का लालच देते हैं। आप इस प्रकार के किसी भी झांसे में ना आएं।*
8. *ऑनलाइन रोजगार व ऑनलाईन निवेश के नाम पर किसी भी विज्ञापन पर आँखें बंद करके भरोसा ना करें व ना ही अपनी संवेदनशील जानकारी किसी भी संदिग्ध वेबसाइट पर दर्ज करें।*

## 169 व्यापारियों ने उठाया वन टाईम सैटलमेंट योजना का लाभ, 85.72 लाख रूपयें जमा करवाने पर मिली 8.84 करोड़ रुपये की छूट

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 15 मार्च :** सरकार द्वारा जारी ओटीएस के तहत हिसार जिले के व्यापारियों द्वारा वन टाईम सैटलमेंट योजना के तहत अब तक उद्योगपतियों से 85.72 लाख रुपये जमा कराए गए हैं, जिस पर ओटीएस स्कीम की शर्तों के तहत व्यापारियों का 2.04 करोड़ रुपये ब्याज व 6.80 करोड़ रुपये पेनल्टी माफ की गई है। यह जानकारी देते हुए एक प्रवक्ता ने बताया कि वैट पंजीकृत व्यापारी और उद्योगपति 30 मार्च तक योजना का लाभ उठा सकतें है। व्यापारियों व उद्योगपतियों के बकाया टैक्स से जुड़े मामले ओटीएस योजना के तहत निपटाये जा रहे है। योजना के अन्तर्गत जीएसटी से पहले सात कर अधिनियमों से संबंधित मामलों को निपटाये जा रहें है। योजना के अंतर्गत जीएसटी कानून के लागू होने से पहले सात कर अधिनियमों को निपटाने के लिए चार श्रेणियों के तहत ब्याज व पेनल्टी में छूट दी गई है। ये कर स्वीकृत कर, विवादित कर, निर्विदित कर और अतंरीय कर है। योजना में स्वीकृत कर का भुगतान करने से ब्याज व पेनल्टी की सौ प्रतिशत माफी का प्रावधान है। इसी प्रकार विवादित कर के तहत पचास लाख रुपये तक की देय कर राशि का तीस प्रतिशत व पचास लाख से ऊपर की राशि में पचास प्रतिशत कर भुगतान करने पर ब्याज व पेनल्टी की राशि माफ हो जायेगी। विवादित कर श्रेणी के तहत पचास लाख रुपये देयकर से कम या बराबर के मामले में मूल कर का चालिस प्रतिशत व अन्य सभी मामलों में साठ प्रतिशत जमा करवाने पर ब्याज व पेनल्टी की राशि माफ हो जायेगी। सीएसटी एक्ट के तहत अंतरीय देय कर का तीस प्रतिशत राशि जमा करवाने पर 70 प्रतिशत छूट का प्रावधान है। इस योजना का लाभ 30 मार्च तक उठाया जा सकता है। विभाग की और से व्यापारियों व कर दाताओं की मदद के लिए ओटीएस हैल्प डेस्क की स्थापना की गई है, जोकि लघु सचिवालय परिसर की तीसरी मंजिल पर जीएसटी कार्यालय में स्थित हैं। व्यापारी अपने कर की राशि के बारे में सही जानकारी हेल्पडेस्क के नंबरों पर कॉल करके या अपने संबंधित अधिकारी से सम्पर्क करके कर सकतें है। हेल्पडेस्क के जिला कर निरीक्षक विनोद बेनीवाल के नंबर 9416401698 या सीवर निरीक्षक ओमप्रकाश के नंबर 9810575672 पर बात करके सही देय राशि की जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

*उपायुक्त ने कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारियों की ली बैठक*

## 1387 शिकायतों में से 1155 शिकायतों का हुआ समाधान, सरसों और गेहूं खरीद प्रबंधों को दुरूस्त करने के दिए निर्देश



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 15 मार्च :** उपायुक्त प्रदीप दहिया ने किसान कल्याण के लिए सरकार द्वारा लागू की गई महत्वाकांक्षी योजनाओं की समीक्षा को लेकर कृषि विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर आई किसानों की शिकायतों पर अभी तक हुई कार्यवाही की समीक्षा की। उन्हें अवगत करवाया गया कि पोर्टल पर 1387 शिकायतें प्राप्त हुई थी, जिनमें से 1155 का समाधान कर दिया गया है। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सरसों व गेहूं की खरीद को लेकर प्रबंधों को दुरूस्त करने के निर्देश दिए। आगामी दिनों में इन दोनों फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्यों पर खरीद की जाएगी। मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर फसलों के पंजीकरण के कार्य की समीक्षा के दौरान उन्हें अवगत करवाया गया कि गत वर्ष रबी सीजन के दौरान 48.8 प्रतिशत पंजीकरण हुआ, जो इस बार अभी तक 62.1 प्रतिशत हो गया है। उपायुक्त ने विभाग के अधिकारियों से अधिक से अधिक किसानों को पंजीकरण के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे अपनी फसलों का जल्द से जल्द पंजीकरण करवाकर न्यूनतम समर्थन मूल्य सहित अन्य योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने फसलों की स्पेशल वैरिफिकेशन के काम में तेजी लाने के निर्देश भी दिए। अभी तक 25 हजार 781 एकड़ भूमि की स्पेशल वैरिफिकेशन का काम लंबित है। इसके अतिरिक्त क्रॉप वेरिफिकेशन और गिरदावरी के कार्य को भी जल्द से जल्द पूरा करने की हिदायत दी गई। बैठक में अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना की भी समीक्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त को अवगत करवाया गया कि फिलहाल योजना को लेकर 2094 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जिस पर उन्होंने निर्देश दिए कि आवेदन पर नियमानुसार आगामी कार्यवाही की जाए, ताकि पात्र लाभार्थियों को जल्द से जल्द योजना का लाभ दिया जा सके। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त नीरज, डीआरओ चेतना चौधरी सहित कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## कब आएगा मेरा सांवरिया....

**बीड़ बबरान धाम में बबरान नरेश प्रकटोत्सव का पांचवां दिन**




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 15 मार्च :** श्रीश्याम बाबा मंदिर ट्रस्ट बीड़ बबरान के तत्वाधान में 51वें बबरान नरेश प्रकटोत्सव के पांचवें दिन आयोजित किये गए श्याम संकीर्तन में सैंकड़ों श्रद्धालु घण्टों तक झूमते रहे। हिसार के भजन गायक भूमिका अरोड़ा, मास्टर बिन्नी व बाबा की परी ने श्याम बाबा का गुणगान करके समां बांध दिया। गाये गए भजनों में लो आ गया मैं शरण तेरी...., बड़ी उम्मीद लेकर के तुम्हारे पास आया हूं...., साथी हमारा कौन बनेगा...., मेरी लाज रखना...., कब आएगा मेरा सांवरिया .... आदि शामिल रहे। धाम के महंत व श्याम भक्त पंडित विनोद शर्मा व निज पुजारी विनय शर्मा ने बताया कि आज के संकीर्तन में गुजवि के रजिस्ट्रार डॉ. डॉ. विनोद छोकर ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लेकर पूजा-अर्चना की। हिसार व आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे हजारों भक्तों ने श्याम बाबा के मंदिर में माथा टेककर प्रसाद ग्रहण किया। धाम के प्रधान शिव कुमार सिंगल ने बताया कि आज सायंकाल 4:00 से 7:30 बजे तक श्याम संकीर्तन होगा जिसमें नामी गायक श्याम बाबा का गुणगान करेंगे। 16 मार्च को प्रातः काल 8:15 बजे बबरान नरेश महाभिषेक होगा। 11:15 बजे श्रीश्याम मंगल ज्योति महायज्ञ होगा तथा रात्रि 8:00 बजे से प्रभु इच्छा तक श्याम नाम संकीर्तन होगा जिसमें अनेक नामी गायक कलाकार श्याम बाबा का गुणगान करेंगे। श्याम कीर्तन के साथ ही श्याम रसोई से विशाल भंडारा चलाया जाएगा।

## नेहरू युवा केन्द्र हिसार एवं आजाद हिन्द युवा क्लब गांव किरतान ने चलाया मतदाता जागरूकता व पंजीकरण अभियान




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 15 मार्च :** नेहरू युवा केन्द्र हिसार एवं आजाद हिन्द युवा क्लब गांव किरतान के संयोग से कन्या गुरुकुल गांव डोभी में मतदाता जागरूकता व पंजीकरण अभियान चलाया गया। इस मौके पर आजाद हिन्द युवा क्लब के प्रधान कपूर सिंह आर्य ने बच्चों को बताया गांव की हर घर में जाकर लोगों को समझाएं की ज्यादा से ज्यादा मतदान करें व 100 प्रतिशत वोट डालने। उन्होंने कहा कि कुछ लोग ऐसे कह देते हैं कि एक वोट से क्या होगा। एक वोट आपके देश की सत्ता पट सकता है। आपका एक वोट की बहुत कीमत है। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान किसी के बहकावे में नहीं आना, किसी के लोग लालच में मत आना, वोट की कीमत बहुत बड़ी होती है, इसलिए अपना वोट ईमानदारी से अच्छे इंसान को डालें। इस मौके पर प्रिंसिपल ममता आर्य, भावना, दीपिका, पूजा, अनिता, सलोनी, प्रोमिला आर्य, प्रियंका आदि मौजूद थे।

## हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो यूनिट हिसार की टीम ने नशे के खिलाफ डाग स्क्वाड के साथ जीन्द जिला में मारे छापे

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 15 मार्च :** हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कन्ट्रोल ब्युरो के प्रमुख अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक महोदय श्री ओ.पी सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन एवं श्रीमति नितिका गहलोत आईपीएस के दिशा निर्देश पर समूचे हरियाणा मे नशा तस्करो के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए डॉग स्क्वाड के साथ जीन्द के नरवाना में रेलवे फाटक के पास में झुग्गी झोपडी व मकानों को चैक किया गया। इस संबध में विस्तृत जानकारी देते हुए उप पुलिस अधीक्षक दलीप कुमार एचपीएस हरियाणा राज्य स्वापक नियत्रंण ब्यूरो हिसार व यूनिट इंचार्ज कर्मबीर सिंह ने बताया कि नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अभियान में पीएसआई बर्लिन, एसआई मक्खन सिह, प्रधान सिपाही राजबीर, सिपाही राजेश कुमार के साथ व पुलिस लाईन हिसार से डॉग हैंडलर प्रधान सिपाही रविन्द्र के साथ रैम्बो डॉग के साथ नरवाना मे रेलवे फाटक के पास झुग्गी झोपडी व दुकान, घरों को चैक किया गया। आमजन को बताया गया कि हरियाणा मे नशे का कारोबार किसी हालात में बक्शा नहीं जाएगा। हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कन्ट्रोल ब्युरो के टोल फ्री नं. 90508-91508 पर सूचना देने बारे जागरुक किया गया व बताया गया कि सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।



## हकृवि ने दिए उम्दा दर्जे के खिलाड़ी, जिन्होंने राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का बढ़ाया गौरव : प्रो. काम्बोज

**हकृवि में 51वीं वार्षिक एथलेटिक मीट का शुभारंभ, विश्वविद्यालय सहित लुवास व एमएचयू के खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम**






**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 15 मार्च :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आज 51वीं वार्षिक एथलेटिक मीट का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज रहे। विश्वविद्यालय सहित इस प्रतियोगिता में लुवास और एमएचयू, करनाल के खिलाड़ी विभिन्न खेलों में भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

मुख्यातिथि प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल ऐसा माध्यम है, जिससे हमारा सर्वांगिण विकास होता है। उन्होंने खिलाड़ियों से आह्वान किया कि वे दिनचर्या में खेलों को अपनाएं, यदि जीवन में सफल होना है तो हमें शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ होना अनिवार्य है। मुख्यातिथि ने कहा कि मेहनत, अनुशासन, निष्ठा, सद्भावना, दृढ़ संकल्प जैसे गुण एक अच्छे खिलाड़ी में होना जरूरी है। यदि ये गुण होंगे तभी वह खेल के मैदान से लेकर जीवन के हर पड़ाव पर सफल होगा। उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह खुशी की बात है कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ खेल व अन्य गतिविधियों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं। खेलों में भाग लेने से हमारे अंदर टीमवर्क की भावना आती है जिसके कारण हमारी कार्यक्षमता बढ़ती है। मुख्यातिथि ने कहा कि इस विश्वविद्यालय ने अनेक उम्दा दर्जे के खिलाड़ी दिए है, जिन्होंने राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने प्रदर्शन से देश व प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। विद्यार्थियों को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए और खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा इस विश्वविद्यालय में बेहतर कोच और खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई है।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एम.एल. खिचड़ ने सभी का औपचारिक तौर पर स्वागत करते हुए कहा कि हमारे लिए हर्ष का विषय है कि विद्यार्थियों के चहुमुंखी विकास के लिए प्रति वर्ष हमारा विश्वविद्यालय वार्षिक एथलेटिक मीट का आयोजन करता है ताकि खेलों के माध्यम से हमारे विद्यार्थियों का सर्वांगिण विकास हो।

मुख्यातिथि ने खिलाड़ियों द्वारा दी गई मार्चपास्ट को सलामी देते हुए उनका हौंसलावर्धन किया। साथ ही उन्होंने मार्चपास्ट की श्रेणी में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली कॉलेज ऑफ कम्युनिटी साइंस की छात्राओं को सम्मानित भी किया। उम्दा प्रदर्शन करने वाले विश्वविद्यालय के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों, जिनमें प्रीति, सिमरन, ज्योति, रोहित व सुरेंद्र ने मशाल प्रज्जवलित की। कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर के छात्र सुरेंद्र ने खिलाड़ियों को शपथ दिलवाई। मंच का संचालन डॉ. सुशील लेगा सहित छात्रा जिन्नत ने किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिकारीगण सहित इससे जुड़े समस्त महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण, वैज्ञानिकगण सहित काफी संख्या में खिलाड़ी मौजूद रहे।

### 800 मीटर पुरूष व 1500 मीटर महिला दौड़ में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाकर जीता दिल

51वीं वार्षिक एथलेटिक मीट में मुख्यातिथि की मौजूदगी में 800 मीटर पुरूष व 1500 मीटर महिला दौड़ भी करवाई गई। 800 मीटर पुरूष दौड़ में प्रथम स्थान कॉलेज ऑफ बेसिक साइंस के छात्र अंकित ने प्राप्त किया, जबकि दूसरे स्थान पर कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग के छात्र दीवांशु व तीसरे स्थान पर कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर, बावल के छात्र मोहित रहे। 1500 मीटर महिला दौड़ में प्रथम स्थान कॉलेज ऑफ बेसिक साइंस की छात्रा अनिता, दूसरा स्थान कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर, बावल की छात्रा अस्मिता व तीसरे स्थान पर कॉलेज ऑफ कम्युनिटी साइंस की छात्रा शीतल रही। मुख्यातिथि ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया।

# देश की हर महिला के उत्थान में सहायक साबित होगी कांग्रेस की नारी न्याय गारंटी : कुमारी सैलजा

## कांग्रेस की नारी न्याय गारंटी की पांच योजनाओं से आधी आबादी का ऊंचा होगा जीवन स्तर

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 15 मार्च :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी सैलजा ने कहा कि इस देश की आधी आबादी को पूरा हक देने के लिए कांग्रेस की अनेक कल्याणकारी योजनाएं हैं। अब कांग्रेस पार्टी ने नारी न्याय गारंटी की घोषणा की है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने देश में महिलाओं के अधिकार के लिए पांच नारी न्याय गारंटी की घोषणा की है जो निश्चित रूप से देश की महिलाओं के उत्थान में कारगर साबित होंगी। उन्होंने बताया कि जो गारंटी की घोषणा की गई है उनमें से महालक्ष्मी गारंटी के तहत सभी गरीब परिवार की एक महिला को सालाना 1 लाख रुपए की मदद दी जाएगी। दूसरी घोषणा में आधी आबादी-पूरा हक के तहत केंद्र सरकार की नई भर्तियों में आधा हिस्सा महिलाओं के लिए आरक्षित होगा। इसी प्रकार तीसरी घोषणा में शक्ति का सम्मान के तहत आंगनवाड़ी, आशा और मिड-डे मील वर्कर्स के मासिक वेतन में केंद्र सरकार का योगदान दोगुना होगा। चौथी घोषणा अधिकार मैत्री है, जिसके तहत हर पंचायत में महिलाओं को जागरूक करने के लिए अधिकार मैत्री की नियुक्ति होगी जो महिलाओं के लिए कानून संबंधी मामलों में सहायक होगी। इसी प्रकार कांग्रेस की पांचवीं घोषणा के अनुसार सावित्री बाई फुले हॉस्टल के कामकाजी



महिलाओं के लिए केंद्र सरकार हर जिले में हॉस्टल बनवाएगी। कांग्रेस ने महिलाओं के उत्थान के लिए उक्त पांच घोषणाओं का ऐलान किया है, जिससे देश के सभी वर्गों की महिलाओं को लाभ दिया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। स्वाभाविक है कि उक्त नारी न्याय गारंटी के तहत घोषित की गई योजनाओं से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी जो कहती है, उसे पूरा करती है। दूसरी तरफ भाजपा की सरकार है जो महज जुमलेबाजी करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता से वादा किया था कि उनके खाते में 15-15 लाख रुपये आएंगे। क्या आज तक किसी के खाते में 15 लाख रुपये आए हैं, नहीं। क्योंकि भाजपा सिर्फ जनता को गुमराह करके वोट हासिल करना चाहती है। महिलाओं के ऊपर दिनोंदिन अत्याचार बढ़ रहे हैं। भाजपा की सरकार ने लोकसभा व विधानसभा चुनावों में महिला आरक्षण का जो कानून बनाया है, वह भी जुमला है क्योंकि इन लोकसभा चुनाव में सरकार ने उसे लागू नहीं किया है। लेकिन कांग्रेस पार्टी की ऐसी नीति नहीं है। कांग्रेस जो कहती है, वह करती है। कांग्रेस पार्टी ने देश को मनरेगा के तहत रोजगार का हक दिया है। आरटीआई का अधिकार दिया है। शिक्षा का अधिकार दिया है। उसी तरह अब नारी न्याय गारंटी को भी कांग्रेस सरकार बनने पर धरातल पर उतारा जाएगा और देश की महिलाओं के संपूर्ण विकास एवं उत्थान के लिए काम किया जाएगा।

# महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज में चल रही क्रिकेट लीग 27 मार्च को होगा स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ कार्यक्रम

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 15 मार्च :** लाइव कमेंट्री के बीच लगते छक्कों पर उछलते बच्चे तो कैच आउट की हूटिंग के बीच मैदान फतह करने को आतुर दिखे प्रतिभागी। मौका था महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा में स्पोर्ट्स मीट से पूर्व चल रही क्रिकेट लीग का। लीग के चौथे दिन रोमांचक मुकाबले में फिजियोथेरेपी विभाग ने एमबीबीएस 22 बैच को 14 रनों से तगड़ी शिकस्त दी। इस क्रिकेट लीग में विभिन्न विभागों की लगभग 9 टीम हिस्सा ले रहीं हैं। स्पोर्ट्स कमेटी की अध्यक्षा डॉ मोनिका जैन ने बताया कि महाविद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हर वर्ष कराया जाता है।



इस वर्ष 27 मार्च को स्पोर्ट्स मीट का विधिवत शुभारंभ होगा जिसका समापन सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के साथ 10 अप्रैल को किया जाएगा। स्पोर्ट्स मीट से पूर्व कुछ खेलों को अलग अलग चरणों में शुरू किया गया है जिससे स्पोर्ट्स मीट में बेहद रोमांचक और तगड़ी टीम अपना दम खम आजमा सकें। उन्होंने बताया कि इस बार स्पोर्ट्स और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं को बड़े स्तर पर एक साथ किया जा रहा है जिससे विद्यार्थी तनावमुक्त हो कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकें। इस अवसर पर एमएस डॉ राजीव चौहान, डीएमएस डॉ शमशेर मलिक, ओएसडी गोपेश शर्मा, डॉ शिक्षांक, डॉ अंतरिक्ष शर्मा, डॉ उमेश, डॉ शालू सहित टीम के खिलाड़ी और महाविद्यालय के विद्यार्थी मौजूद रहे।

# विद्यार्थी हर क्षेत्र में अपने आप को करें साबित : डॉ. ढींडसा

## जेसीडी मेमोरियल कॉलेज का सीडीएलयू में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में शानदार प्रदर्शन

**पाठकपक्ष न्यूज**

**सिरसा, 15 मार्च :** जेसीडी मेमोरियल कॉलेज के विद्यार्थियों ने चौधरी देवीलाल यूनिवर्सिटी के द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रम में शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न विधाओं में पुरस्कार अपने नाम किए। विद्यार्थियों ने डॉ.अनिल शर्मा, डॉ.अमरीक गिल, श्री मलकीत सिंह और श्रीमती किरण के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम में भाग लिया जिसमें छात्रा पूनम ने जेसीडी मेमोरियल कॉलेज का प्रतिनिधित्व करते हुए सोलो राजस्थानी नृत्य वर्ग में पहला स्थान प्राप्त किया। छात्र माधव ने सोलो वैस्टर्न नृत्य वर्ग में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और उन्हें दूसरा स्थान प्राप्त हुआ वहीं निखिल ने सोलो पंजाबी डांस में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया। जेसीडी मेमोरियल कॉलेज के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा से सभी दर्शकों और जजों को प्रभावित किया और कॉलेज के लिए सम्मान प्राप्त किया।

अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक और जेसीडी के महानिदेशक (प्रो.) डॉ. कुलदीप सिंह ढींडसा, ने



विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में उनके अद्भुत प्रदर्शन पर बधाई दी। उन्होंने इस तरह के आयोजनों के महत्व का विशेष रूप से उल्लेख किया जो सांस्कृतिक विविधता, लैंगिक समानता, और इसके साथ साथ प्रतिभाओं के उत्थान को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा यही मकसद है कि विद्यार्थी हर क्षेत्र में अपने आप को साबित करें और इसके साथ साथ पढ़ाई में भी अव्वल रहें। जीवन मूल्यों को विद्यार्थी अपनी पढ़ाई के दौरान ही सीख सकते हैं और उनको सांस्कृतिक और अन्य गतिविधियों के माध्यम से ही सिखाया जा सकता है। जेसीडी का हमेशा प्रयास रहा है कि हमारे विद्यार्थी हर स्तर की प्रतियोगिता में भाग लें और वहां से अनुभव प्राप्त करें। इसके साथ ही उन्होंने कॉलेज प्राचार्या डॉ. शिखा गोयल की तारीफ करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में जेसीडी मेमोरियल कॉलेज हर क्षेत्र में नएं-नएं कीर्तिमान स्थापित कर रहा है जो कि जेसीडी विद्यापीठ के लिए भी गर्व की बात है।

जेसीडी मेमोरियल कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शिखा गोयल ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर गर्व और संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को प्रतिभा का प्रदर्शन करने और मूल्यवान अनुभव प्राप्त करने का अवसर प्रदान करते हैं। डॉ. गोयल ने संस्थान के सभी सांस्कृतिक समन्वयकों के प्रयासों की सराहना की और कहा कि जेसीडी मेमोरियल कॉलेज का सांस्कृतिक विभाग हर गतिविधी के लिए हमेशा तैयार रहता है और विद्यार्थी भी हमेशा उपेक्षित प्रदर्शन करके हमें गौर्वावित करते हैं।डॉ. शिखा गोयल ने कहा कि जेसीडी के अंदर शुरु से ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर बल दिया गया है और अब इस संस्थान में ऐसा वातावरण तैयार हो चुका है कि विद्यार्थी हर क्षेत्र में उपलब्धियां प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने इसके लिए जेसीडी प्रबंधन को भी धन्यवाद दिया और कहा कि प्रबंधकों के सहयोग के चलते ही विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण और माहौल दिया जा रहा है जिसके नतीजे भी लगातार हमारे सामने आ रहे हैं।

विद्यार्थियों ने अपने शानदार प्रदर्शन के लिए अपने कॉलेज, प्राध्यापकों और प्रशिक्षकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्हें यहां इस प्रकार ट्रेनिंग दी जाती है कि वो दुनियां के किसी भी स्टेज पर जाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं।

# लुवास में पीजी कैटलॉग का विमोचन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 15 मार्च :** लाला लाजपत राय पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा द्वारा स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम कैटलोग का विमोचन किया गया। इस अवसर पर कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा ने बताया कि बीएसएमए-आईसीएआर की सिफारिशों के अनुसार पीजी कोर्स कैटलॉग जारी किया गया है। स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट पाठ्यक्रम के संशोधन और पुनर्गठन के लिए बीएसएमए समितियों की सिफारिशों पर विभागीय से लुवास विश्वविद्यालय स्तर तक गहन विचार-विमर्श किया गया। पाठ्यक्रम और शैक्षणिक नियमों को विकसित करते समय प्रत्येक बिंदु पर लचीले, बहु-विषयक और समग्र दृष्टिकोण का उचित ध्यान रखा गया है। छात्रों को उनकी नियोजित अनुसंधान गतिविधियों का समर्थन करने के लिए पाठ्यक्रमों का चयन करने का अवसर दिया जाता है। छात्रों को ज्ञान प्राप्त करने, उनकी रोजगार क्षमता, कौशल बढ़ाने और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने के लिए तैयार करने की दृष्टि से इस पाठ्यक्रम को उपयुक्त रूप से संशोधित किया गया है। इसके अलावा, कुलपति ने पाठ्यक्रम, विनियमों के संशोधन और विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम कैटलॉग की तैयारी के लिए डीन, पीजीएस डॉ. मनोज कुमार रोज़ द्वारा किए गए कड़े प्रयासों और समग्र समन्वय के लिए उनकी सराहना की। स्नातकोतर अधिष्ठाता डॉ. मनोज रोज ने बताया कि इस कैटेलॉग को तैयार करने में विश्वविद्यालय स्तर पर कई बार रचनात्मक विचार-विमर्श किया गया जिसमें पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय और डेयरी विज्ञान और प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अध्ययन बोर्ड के सदस्यों, आरआईसी और अकादमिक परिषद के सदस्यों एवं सभी विभागाध्यक्षों के सुझावों को सम्मिलित किया गया है।

# तीर्थंकरों मल्लिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महोत्सव

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 15 मार्च :** श्री दिगंबर जैन समाज के नेतृत्व में जैन मंदिरों में जैन धर्म के 19वें तीर्थंकर देवाधिदेव 1008 श्री मल्लीनाथ भगवान का निर्वाण महोत्सव भक्ति भाव के साथ गाँधी चौक हिसार मे स्थित जैन छोटा मंदिर जी मे मनाया गया। सर्वप्रथम मूलवेदी के समक्ष 1008 मल्लीनाथ भगवान की प्रतिमा को पांडुक शिला पर विराजमान किया गया। मूल वेदी में प्रथम अभिषेक और बृहद शांतिधारा का सौभाग्य हिसार निवासी श्री योगेश जैन पुत्र श्री विनोद जैन को प्रपात हुआ इसके बाद मल्लीनाथ भगवान का निर्वाण लाडू। इस अवसर पर समाज के गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए श्री राजकुमार जैन जी ने बताया कि भगवान का मोक्ष कल्याणक मनाने का सौभाग्य किसी किसी को प्राप्त होता है। आज से कई हजार वर्ष पूर्व सम्मेद शिखर के संबल कूट से भगवान का निर्वाण हुआ था। तब से पूरी दुनिया में निर्वाण महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। आज यह सौभाग्य हिसार समाज के भक्तों को भी प्राप्त हुआ। मल्लिनाथ भगवान बाल ब्रह्मचारी थे। आज



फागुन शुक्ला पंचमी तिथि को योग निरोध कर निर्वाण को प्राप्त हुए थे। इस अवसर पर पूरे भक्ति भाव से अभिषेक शांतिधारा, आरती व पूजा के सभी कार्यक्रम में समाज के भक्त शामिल हुए। समाज के पंडित जी श्री अशोक जैन जी ने इस मौके पर श्रद्धालुओं को जैनधर्म में मोक्ष का अर्थ समझाते हुए बताया है कर्मों से मुक्ति समझाते हुए कहा कि रत्नत्रय अर्थात सम्यक् दर्शन, सम्यक् ज्ञान, सम्यक् चरित्र से इसे प्राप्त किया जा सकता है। जैन धर्म को मोक्षमार्ग भी कहा जाता है। 19 वे तीर्थंकर भगवान मल्लीनाथ को फाल्गुन शुक्ल पंचमी को मोक्ष की प्राप्ति हुई थी। इसीलिए जैन समाज की ओर से इस दिन को भगवान के मोक्ष अर्थात निर्वाण कल्याणक के रुप में मनाते है। उन्होंने कहा कि भगवान मल्लिनाथ को तीर्थराज सम्मेद शिखर क्षेत्र से मोक्ष कल्याणक अर्थात वह परम अवस्था प्राप्त हुई थी। इसे प्राप्त करने के बाद चारों गतियों में आना-जाना छूट जाता है। पंच बालयति तीर्थंकरों में भगवान मल्लिनाथ का नाम आता है।

अपराजित तें आय नाथ मिथलापुर जाये।

कुंभराय के नन्द, प्रभावति मात बताये।।

कनक वरन तन तुंग, धनुष पच्चीस विराजे।

सो प्रभु तिष्ठहु आय निकट मम ज्यों भ्रम भाजे।।

# दयानन्द महाविद्यालय की एनएसएस इकाईयों ने किया छात्रों को वोट के लिए जागरूक

**पाठकपक्ष न्यूज**

**सिरसा, 15 मार्च :** दयानन्द महाविद्यालय, हिसार की एनएसएस इकाईयों ने स्वयंसेवकों को वोट के अधिकार के प्रति जागरूक करने के लिए 'मेरा पहला वोट - देश के लिए' विषय पर एक कैंप का आयोजन किया। इस कैंप का उद्देश्य पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं से मेरा पहला वोट देश के लिए अभियान के माध्यम से लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए आह्वान करना था। इस अवसर पर




महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक वोट राष्ट्र के भविष्य को सशक्त करने की शक्ति रखता है। उन्होंने कहा कि यह देशभक्ति की भावना है, जिम्मेदारी का आह्वान है और अपने देश के भाग्य का निर्माता बनने का मौका है। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वलेरिया सेठी ने सरकार के इस अभियान की सराहना की वह सभी से अपने वोट के महत्त्व को समझने की अपील की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चेतन शर्मा व डॉ. इन्द्रजीत सिंह ने सभी स्वयंसेवकों को बताया कि कैसे वे अपना वोटर कार्ड बनवा सकते हैं एवं अपने पहले वोट को देश के भविष्य के प्रति समर्पित कर सकते हैं। तत्पश्चात् कार्यक्रम अधिकारी डॉ. छवि मंगला ने सभी छात्रों को वोट के माध्यम से देश के उत्थान के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभाने की शपथ दिलाई। इस कैंप में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने पूर्ण उत्साह के साथ भाग लिया।

# हमें अच्छी बातों को जानना और मानना चाहिए : साध्वी देव वाणी

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 15 मार्च :** आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद के 200वें जन्म जयंती वर्ष में हो रहे कार्यक्रमों की कड़ी में आर्य समाज पटेल नगर एवं भारत स्वाभिमान हरियाणा द्वारा हिसार के पटेल नगर स्थित चारों धाम पार्क में आयोजित हवन यज्ञ एवं वैदिक भजनों का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से पधारी सन्यासी दीदी देववाणी ने उपस्थित साधकों को संबोधित करते हुए कहा कि हम बहुत सारी अच्छी बातें जानते हैं तथा नई-नई अच्छी चीज़ सीखते भी रहते हैं परंतु महत्वपूर्ण यह है कि उन सभी अच्छी आदतों को हम जीवन में अपनाएं। अन्यथा इस प्रकार से सीखने सिखाने का कोई महत्व नहीं रह जाता। उन्होंने कहा कि हम सब यह जानते हैं कि शरीर, मन और आत्मा तथा वातावरण को स्वस्थ एवं शुद्ध रखने के लिए योग एवं यज्ञ हमें प्रतिदिन करना चाहिए। परंतु यह जानने के बावजूद भी हम आलस्यवश या अन्य किसी प्रकार का बहाना बनाकर इन अच्छी-अच्छी जीवन उपयोगी आदतों से बचते रहते हैं जिस कारण धीरे-धीरे शरीर में व्याधियां प्रवेश कर जाती हैं तथा जीवन नरक बन जाता है । उन्होंने कहा कि जीवन में पूर्ण समर्पण का भाव होना चाहिए तथा पूरी श्रद्धा, विश्वास एवं लगन से हमें सब अच्छे एवं प्रगतिशील कर्मों में लगे रहना चाहिए। हम जो कुछ भी प्रयास करते हैं वही हमारे को प्राप्त होता है। परम पूज्य योग ऋषि स्वामी रामदेव जी महाराज ने योग, आयुर्वेद एवं शिक्षा जगत में अत्यधिक पुरुषार्थ करके आमूल चूल परिवर्तन करने का






संकल्प ले रखा है। वे प्रतिदिन प्रातः 5:00 बजे टीवी एवं यूट्यूब के माध्यम से हम सबके घरों में पहुंच जाते हैं तथा प्रतिदिन योग आयुर्वेद और यज्ञ तथा शिक्षा से संबंधित नई-नई जानकारियां देते रहते हैं उन्होंने भारत की आर्थिक एवं आध्यात्मिक उन्नति के लिए अपना पूरा जीवन एवं सारी सुख सुविधा लगा रखी हैं।

इसी प्रकार से आचार्य बालकृष्ण जी महाराज आयुर्वेद के क्षेत्र में पूरी दुनिया में सशक्त हस्ताक्षर हैं। चारों धाम पार्क सोसाइटी के प्रधान श्री चंद्रभान गांधी ने दोनों साध्वियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत व अभिनंदन किया। वरिष्ठ नागरिक श्री ओमप्रकाश मलिक ने भी आए हुए मेहमानों का स्वागत किया।

भारत स्वाभिमान हरियाणा के राज्य प्रभारी श्री ईश कुमार आर्य ने दोनों साध्वियों पूज्या देव वाणी एवं पूज्या देव गरिमा के साथ आई हुई महिला पतंजलि योग समिति हरियाणा की राज्य प्रभारी माता सत्या चौधरी, महिला पतंजलि योग समिति कैथल की जिला प्रभारी अमर रवीश, जिला हिसार की महिला प्रभारी कविता शर्मा का पुष्प कुछ देकर स्वागत किया।

पतंजलि योग समिति हिसार के जिला प्रभारी वीरेंद्र बडाला एवं उनकी बेटी प्रतिभा ने वैदिक मंत्रों के द्वारा हवन यज्ञ संपन्न करवाया। उन्होंने कहा कि हमें अपने जीवन को योगमय एवं यज्ञमय बनाना चाहिए। जब जीवन यज्ञमय बन जाता है तो आनंद की अनुभूति होती है। हमें पूरी श्रद्धा से प्रतिदिन योग एवं यज्ञ करना चाहिए। उन्होंने दोनों साध्वियों पूज्या देव वाणी एवं पूज्या देव गरिमा का हिसार पहुंचने पर आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह हिसार की जनता के लिए बहुत ही उपयोगी कार्यक्रम रहा है क्योंकि स्वामी रामदेव जी महाराज का विचार जन जन तक पहुंचने में पूज्या साध्वियाँ बहुत बड़ा कार्य कर रही हैं। हमें उनके हिसार आगमन से बहुत अधिक लाभ हुआ है।

इस अवसर पर भारत स्वाभिमान हिसार के जिला प्रभारी डॉक्टर मुकेश कुमार, कविता शर्मा , माता सत्यावंती, तारा शर्मा, कृष्ण आयतान, योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के जिला प्रभारी श्री अजय एलावाधी, श्रीमती सुरक्षा आर्या, आचार्य बद्री प्रसाद, राजेश कुमार, कृष्णा, घनश्याम, रेखा, जंगजीत, ईश कुमार आर्य, वीरेंद्र बडाला, सरोज बडाला, प्रतिभा, अमर रवीश ,सत्या चौधरी, गुलशन देवी, आर्य वीर, विपिन आदि उपस्थित थे।

# काला मोतिया एक मुकचोर बीमारी



**डा. जी. एस. मान**
**काला मोतिया के सुपर स्पेशलिस्ट**

**-पाठकपक्ष डेस्क-**

हिसार के काला मोतिया के सुपर स्पेशलिस्ट डा. जी. एस. मान का कहना है कि ग्लूकोमा (काला मोतिया) यह एक ऐसी बीमारी है जो आपकी आंख की optic nerve को नुकसान पहुंचाती है। यह आमतौर पर जब होता है। जब आपकी आंख के सामने वाले हिस्सें में तरल पदार्थ जमा हो जाता है। यह अतिरिक्त तरल पदार्थ आपकी आंख में दबाव को बढ़ाता है। जिसके कारण optic nerve को नुक्सान पहुंचता है।

**कारण** – हमारी आंख लगातार AQueous Humour तरल पदार्थ बनाती है। जैसे ही आपकी आंख में नया जल प्रवाहित होता है उतनी ही मात्रा में बाहर निकलना चाहिए जो की द्रव निकासी कोण बामक क्षेत्र से होकर बाहर निकलता है। यह प्रक्रिया आंख में दबाव को स्थिर रखती है। लेकिन अगर जल निकासी कोण ठीक से काम नहीं कर रहा है तो तरल पदार्थ जमा हो जाता है और आंख के अंदर दबाव बढ़ जाता है।

**ग्लूकोमा के प्रमुख दो प्रकार है।**

**1. ओपन एंगल ग्लूकोमा**– यह ग्लूकोमा का सबसे आम प्रकार है। यह धीरे-धीरे होता है। जहां आंख से उतना तरल पदार्थ नहीं निकलता जितना उसे निकलना चाहिए इस प्रकार का ग्लूकोमा दर्द रहित होता है और शुरूआत में दृष्टि में कोई बदलाव नहीं होता है।

**2. कोण बंद ग्लूकोमा (कलोजर -एंगल ग्लूकोमा)**– यह प्रकार तब होता है जब किसी की परितारिका उसकी आंख में जल निकासी कोण के बहुत करीब होती है। परितारिका अततः जल निकासी कोण को अवरूद्ध कर देती है। जब जल निकासी कोण पुरी तरह से अवरूद्ध हो जाता है तो आंखों पर दबाव बहुत तेजी से बढ़ता है।

-इसे तीव्र आक्रमण कहा जाता है। यह एक वास्तविक नेत्र आपात स्थिति है और आपको नेत्र रोग विशेषज्ञ को बुलाना चाहिए अन्यथा आप अंधे हो सकते है।

**लक्षण :**

**1. ओपन एंगल ग्लूकोमा**

शुरूआती चरणों में कोई चेतावनी संकेत या स्पष्ट लक्षण नहीं है। जैसे-जैसे बीमारी बढ़ती है। आपकी परिधीय (पार्श्व) दृष्टि में अंधे धब्बे विकसित हो जाते है।

क्योंकि दृष्टि में तब तक बदलाव नहीं आता है। जब तक क्षति काफी गंभीर न हो जाए यह कारण है कि ग्लूकोमा को दृष्टि का मुकचोर कहा जाता है।

**2 कलोजर एंगल ग्लूकोमा**

आंख या माथे में तेज दर्द।
आंख की लाली।
दृष्टि में कमी या धुंधली दृष्टि।
इंद्रधनुष या प्रक्षामंडल देखना।
सिर दर्द। जी मिचलाना।
उल्टी करना।
ग्लूकोमा का खतरा किसे है

कुछ लोगों में ग्लूकोमा होने का खतरा सामान्य से अधिक होता है। जैसे कि जो लोग-

1.50 वर्ष से अधिक उम्र के है।
2.जिनके परिवार` सदस्य ग्लूकोमा से पीड़ित है।
3. आंखों का दबाव अधिक है।
4.दीर्घ कालिक स्टेरायड दवाओं का उपयोग कर रहे है।
5.कार्निया जिसकी पतली हो।
6.मधुमेह, माइग्रेन, उच्च रक्तचाप, खराब रक्त परिसंचरण या पुरे शरीर को प्रभावित करने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो।

**ग्लूकोमा का निदान**– ग्लूकोमा का निदान करने का एकमात्र निश्चित तरीका संपूर्ण नेत्र परीक्षण है। ग्लूकोमा स्क्रीनिंग, जो केवल आंखों के दबाव की जांच करती है। ग्लूकोमा का पता लगाने के लिए प्रर्याप्त नहीं है तो इसके अलावा और भी जांचे करनी चाहिए जो इस प्रकार है।

Tonometry-) आंखों का दबाव मापना
Gonioscopy-) आपकी आंखे के जल निकासी कोण का निरीक्षण
Oct-) क्षति का पता लगाने के ऑप्टिक तत्रिंका की जांच करे।
Visual fields-) आंख की परीधीय (पार्श्व) दृष्टि का परीक्षण।
Fundus Photo-) आंख की Optic nerve का चित्र।
Pachymetry-) कार्निया की मोटाई।

उक्त जांचों से पता लगाया जाता है किस प्रकार का ग्लूकोमा है और आंख को ग्लूकोमा से कितनी क्षति हुई है।

**ग्लूकोमा का उपचार :**

**1.दवाईया**

ग्लूकोमा की आम तौर पर आईड्रॉप दवा से नियंत्रित किया जाता है। हर दिन उपयोग लिए जाने पर ये आई ड्रॉप आंखों के दबाव की कम करते है।

**2. लेजर शल्य क्रिया**

यह क्रिया आंखों से जल निकलने में मदद करते है, जो मुख्यय दो प्रकार से होती है।

**1. लेजर ट्रेबे कुलोप्लास्टी**

यह सर्जरी उन लोगों के लिए है। जिन्हें ओपन एंगल ग्लूकोमा है। इसका उपयोग दवाओं के बजाय या इसके अतिरिक्त किया जा सकता है। नेत्र सर्जन जल निकासी कोणा को बेहतर ढंग से काम करने के लिए लेजर का उपयोग करता है। इस तरह तरल पदार्थ ठीक से बाहर निकल जाता है और आंखों का दबाव कम हो जाता है।

**2. लेज इरिडोटामी**

यह उन लोगों के लिए है। जिन्हें एंगल कलोजर ग्लूकोमा है। नेत्र रोग विशेषज्ञ आईरिस में एक छोटा होद बनाने के लिये लेजर का उपयोग करते है। यह होद द्रव को जल निकासी कोण तक प्रताहित करने में मदद करता है।

**3. ऑपरेटिंग रूम सर्जरी**

ग्लूकोमा की कुछ सर्जरी ऑपरेशन कक्ष में की जाती है। यह आंख से निकलने वाले जलीय द्रव्य के लिए एक नया जल निकासी चैनल बनाता है।

**1. ट्रैबेक्यूलेक्टोमी**

यह वह जगह है जहां आप का नेत्र सर्जन श्वेत पटल में छोटा सा फ्लैप बनाता है। वे कंजक्टिवा में एक बुलबुला (पॉकेट की तरह) भी बनाएंगे जिसे फिल्ट्रेशन बल्ड कहा जाता है। यह आमतौर पर ऊपरी पलक के नीचे छिपा होता है और दिखाई नहीं देता।

Aqueous Humour फलैप के माध्यम से आंख से बाहर निकलने और बलीब में जाने में सक्षम होगा, जिससे आंखों का दबाव कम हो जाएगा बल्ड में तरल पदार्थ आपकी आंख के आस पास के अंत को द्वारा अवशोषित कर लिया जाता है।

**2. (GATT, TUBESHUNI,MIGS)**– उपकरण-ग्लूकोमा जल निकासी उपकरण :

इसमें नेत्र रोग विशेषण आपकी आंख में एक छोटी जल निकासी टयुब प्रत्यारोपित कर सकता है। ग्लूकोमा जल निकासी प्रत्यारोपण द्रव को एक संग्रह क्षेत्र में भेजता है। आपका नेत्र सर्जन कजक्टिवा के नीचे इस भंडार का निर्माण करता है। फिर द्रव पास की रक्त वाहिकाओं में अवशोषित हो जाता है।

**4. मोतियाबिंद ऑपरेशन**



**डॉ. गरिमा मान**
**नेत्र रोग विशेषज्ञा**

कलोजर-एंगल एंगल ग्लूकोमा वाले लोगों के लिए आंख के प्राकृतिक लैंस को हटाने से आंखों का दबाव कम हो सकता है। संकीर्ण कोणों के साथ, परितारिका और कार्निया एक साथ बहुत करीब होते है। मोतियाबिंद सर्जरी के साथ आंख के लैंस की हटाने में आंख से तरह पदार्थ निकलने के लिए अधिक जगह बन जाती है। इससे आंखों का दबाव कम हो जाता है।

**ग्लूकोमा उपचार में डॉक्टर की ओर आपकी भूमिका**

ग्लूकोमा का सफलतापूर्वक इलाज करना आपके और आपके डॉक्टर के बीच एक टीम प्रयास है। आपका नेत्र रोग विशेषज्ञ आपके ग्लूकोमा का उपचार लिखेगा यह आप पर निर्भर है कि आप अपने डॉक्टर के निर्देशों का पालन करे और अपनी आई ड्राप का उपयोग करे। एक बार अब आप ग्लूकोमा के दवाएं ले रहे हो तो आपका नेत्र रोग विशेषज्ञ आपको नियमित रूप से देखना चाहेगा आप लगभग हर 3-6 महीने में अपने नेत्र रोग विशेषज्ञ से मिलने की उम्मीद कर सकते है। हालाकि यह आपकी उपचार आवश्यकताओं के आधार पर भिन्न हो सकता है।

डा. जी. एस. मान काला मोतिया के सुपर स्पेशलिस्ट हैं।

**मान आंखों का हस्पताल, 669 पीएलए, नजदीक कैंप चौक ग्रीन पार्क सामने, हिसार**

# हरियाणा की बेटी डॉ. नेहा छाबड़ा सामाजिक कारण के लिए गर्वित



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 15 मार्च :** महाराष्ट्र के महानगर मुंबई में स्थित वि.इ.एस. कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में काम कर रही डॉ. नेहा छाबड़ा को हरियाणा की धरती से निकल कर महान कार्य करने के लिए गर्व की अनुभूति होती है। यह उपलब्धि न सिर्फ उनके व्यक्तित्व की महत्वपूर्ण उपलब्धि है, बल्कि यह भी हरियाणा राज्य के लिए गर्व का विषय है। डॉ. नेहा छाबड़ा ने फार्मेस्यूटिकल्स में विशेषज्ञता हासिल की है, लेकिन उन्होंने अपनी शैक्षिक और व्यावसायिक यात्रा के अनुभव करते हुए समाज के लिए कुछ करने का संकल्प किया है। वे नवजात शिशुओं के लिए विशेष बिस्तर डिज़ाइन करने में लगे हुए हैं, जो गरीबी और नवजात अल्प तपावस्था की समस्या से पीड़ित हैं। उनका उद्देश्य है कि इस तकनीकी आविष्कार के माध्यम से गरीब और अवसाधित वर्ग के शिशुओं को सही चिकित्सा सेवाएं प्राप्त हो सकें।

इसके साथ ही, हमें ये खुशी है कि उन्होंने शोध प्रोजेक्ट निम्नलिखित पुरस्कार जीत चुकी हैं:-



'आस्विष्कार' : राज्य स्तर पर, स्वर्ण पदक

'अन्स्वेशन' भारतीय विश्वविद्यालय संघ नेहा छाबड़ा : पश्चिम क्षेत्र, रजत पदक

'अन्स्वेशन' भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा : राष्ट्रीय स्तर, स्वर्ण पदक

'अन्स्वेशन' भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा : अंतरराष्ट्रीय स्तर, सभी विषयों का समूह, स्वर्ण पदक

उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण ने समाज में बदलाव लाने के लिए एक नया मार्ग उजागर किया है। हम उनके समर्पण, मेहनत, और समाज के प्रति उनकी दया की उपलब्धि का गर्व महसूस करते हैं।

# सीएए लागू होने से समरसता व सदभाव का बढ़ेगा महत्व : जगदीश तायल

## सामाजिक कार्यकर्ता जगदीश तायल ने सीएए लागू करने की सराहना की

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 15 मार्च :** नागरिकता संशोधन कानून देश में लागू करने की कार्यवाही की सामाजिक कार्यकर्ता जगदीश तायल ने सराहना की है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधिसूचना जारी करते ही सीएए कानून प्रभावी हो गया है। इस कानून से पाकिस्तान, बांग्लादेश व अफगानिस्तान से आए अल्पसंख्यक गैर-मुस्लिम शरणार्थियों को भारत की नागरिकता मिलने में आसानी हो जाएगी। तायल ने कहा कि इन देशों के गैर-मुस्लिम शरणार्थियों को भारत में रहने में कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था लेकिन सीएए से ऐसे लोगों को राहत मिलेगी। शरणार्थियों के प्रति सदभाव व सम्मान बनाए



रखने के लिए देश की अलग छवि बनेगी। जगदीश तायल ने कहा कि बहुत से लोग सीएए के देशहित के लाभ का आकलन किए बिना ही विरोध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह कानून लागू करने के साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि किसी भी भारतीय की नागरिकता निरस्त नहीं होगी चाहे व किसी भी धर्म या जाति का हो। उन्होंने कहा कि इसलिए सीएए को सकारात्मक दृष्टि से देखना चाहिए। तायल ने कहा कि दशकों से पीड़ित शरणार्थियों को सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिलेगा और नागरिकता मिलने में आने वाली कानूनी बाधाएं भी दूर हो जाएंगी। उन्होंने कहा की इससे सामाजिक व सांस्कृतिक समरसता व सदभाव की विचारधारा को भी बल मिलेगा।

# मंगाली आकलान में दंत चिकित्सा शिविर, 130 लोगों के दांतों की जांच की

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 15 मार्च :** गांव मंगाली आकलन के पंचायत घर में सी.एच.सी. मंगाली की दंत चिकित्कस डॉ. चारू गुप्ता ने 130 लोगों के दांतों की जांच की। शिविर में डॉ. चारू ने लोगों को ब्रश करने का सही तरीका बताया व उचित खान-पान बारे बताया। साथ ही उन्होंने मुंह के कैंसर की स्क्रिनिंग की। कैंप में लोगों को तंबाकू की वजह से होने वाले मुंह के कैंसर के बारे में बताया गया कि किसी प्रकार आजकल युवाओं में धुम्रपान की लत बढ़ रही है जिसके फलस्वरूप मौखिक कैंसर में वृद्धि हो रही है। कैंप में आए लोगों को खून की कमी के बारे में बताया गया तथा उनके शूगर और बी.पी. की भी जांच की गई।



महिलाओं को स्तन एवं सर्वाइकल कैंसर के बारे में समझाया गया एवं जांच की गई। इस मौके पर सी.एच.सी. मंगाली से किरण नर्सिंग ऑफिसर, ए.एन.एम. सुनिला, शकुंतला, मंगाली आकलान की आशा वर्कर, आंगनवाड़ी वर्कर व प्रदीप आदि उपस्थित थे।

# 21 मार्च के होली महोत्सव के लिए श्री तिरुपति बालाजी धाम में जोर-शोर से चल रही तैयारियां

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 15 मार्च :** दक्षिण भारतीय शैली में निर्मित श्री तिरुपति बालाजी धाम में होली महोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। 21 मार्च को आयोजित होने वाले इस महोत्सव में बिना पानी की फूलों की होली खेली जाएगी। सायंकाल भजन संध्या का आयोजन होगा। प्रसिद्ध भजन गायिका निशा दीदी व उनकी मंडली भजन संध्या के दौरान भजनों के माध्यम से देवी-देवताओं का गुणगान करते हुए होली का रंग जमाएंगी। इस दौरान श्रद्धालुओं पर इत्र की वर्षा भी की जाएगी। 21 मार्च को सायं 4 बजे शुरू होने वाले होली महोत्सव के लिए फूलों का विशेष प्रबंध किया जा रहा है। होली महोत्सव में शिरकत करने वाले श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था भी रहेगी। इस महोत्सव में हिसार व अन्य क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालु हिस्सा लेंगे। होली महोत्सव में शिरकत करने वाले श्रद्धालुओं को धाम में स्थापित श्री वेंकटेश भगवान जी, श्री पद्मावती माता जी, श्री गोदांबा माता जी, श्री गरुड़ जी, श्री लक्ष्मी नृसिंह जी, श्री सुदर्शन जी, श्री रामानुज स्वामी जी, श्री शठकोप स्वामी जी एवं श्री हनुमान जी के मंदिर में दर्शनों का अवसर भी मिलेगा। धाम में स्थापित 42 फुट ऊंचा सोने का श्री गरुड़ स्तंभ, बलिपीठम् पवित्र पुष्करणी, श्री तिरुपति यज्ञशाला व श्रीनिवास गोशाला भी विशेष दर्शनीय हैं।

# राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 15 मार्च :** सेंट कबीर विद्यालय के विद्यार्थियों ने एन. एस. टी. एस. ई. ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा तृतीय के अर्णव ने राष्ट्रीय स्तर पर स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर उसे 1000 रु. की राशि, स्वर्ण पदक व प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती नीरू महतानी ने सभी विजयी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक व प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें बधाई दी और भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय निदेशक श्री विजय सिंह ने बच्चों के प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।







**पाठक ध्यान दें...**

दैनिक पाठकपक्ष के समाचारों को आप हमारी वैबसाइट pathakpaksh.com और फेसबुक पेज pathak paksh पर भी रोजाना पढ़ सकते हैं।

**Name Change**

I, Ritu Aggarwal W/o Sunil Jain R/o H. No. 230, Ward No. 31, Prem Nagar, Hisar, Haryana do hereby declare that I have changed my name from RITU AGGARWAL to RITU JAIN for future purpose.

\- Deponent

**बेदखली सूचना**

मैं, लाली देवी पत्नी श्री कृष्ण, निवासी वार्ड नं. 15, गली नम्बर 12, हाल वार्ड नं. 8, गली नं. 12, भगत सिंह नगर, हिसार हरियाणा सर्व साधारण को सूचित करती हूं कि मेरा पुत्र सोनू व उसकी धर्मपत्नी आरती मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। मैंने इन्हें अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनसे कोई भी किसी प्रकार का लेन-देन करेगा तो वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**-शपथकार**

**डॉ. बलबीर सैनी**
B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)
चर्म, एलर्जी, सैक्स व गुप्त रोग विशेषज्ञ
**बलबीर हस्पताल**
पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक, बड़वाली ढाणी, निकट हनुमान मंदिर, हिसार
92156-88573

**जापानी चौखट व जंगले** ऑर्डर पर तैयार किए जाते हैं
हमारे यहां JSW की PREPAINTED 1.5 MM (16 GAUGE) Sheet का प्रयोग किया जाता है, जो निर्माता द्वारा उच्च तकनीक से बनाई जाती है व जंगरोधक होती है।
गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं 94670-50404
**JBS ENTERPRISES**
सिद्धार्थ इंटरनेशनल स्कूल के पास, गुरु कृपा धर्मकांटा के पीछे, तोशाम रोड, हिसार


100% हॉलमार्क ज्वैलरी शोरूम
मिलन ज्वैलर्स
सतगुरु कृपा
शेरसिंह, (EX. Sarpanch) किरतान वाले
मिलन साड़ीज
डायमंड गोल्ड सिल्वर 9466932632, 9416244146
वापसी पर कोई काटा नहीं कटेगा
18, चौधरी मार्केट (राजगुरु मार्केट) हिसार (रामचाट भंडार के सामने पेड़ वाली गली में)
वैडिंग लहंगे...लांचे
डिजाइनर साड़ियां व पार्टी वियर ड्रेस



# नायब सैनी के मुख्यमंत्री बनने से प्रत्येक कार्यकर्ता उत्साहित : बीरबल स्वामी



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 15 मार्च :** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री बीरबल स्वामी ने कहा है कि आज प्रदेश सरकार की बागडोर ओबीसी के हाथ में है, जिससे पिछड़ा वर्ग के लोग बहुत ही उत्साहित हैं। सन 1967 के बाद पहली बार हरियाणा में कोई पिछड़ा वर्ग के व्यक्ति को मुख्यमंत्री के पद पर आसीन किया गया है। इससे पिछड़ा वर्ग के सभी लोगों में बहुत भारी उत्साह है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देश को ऊंचा उठाने की सोच के प्रति जनता में और ज्यादा विश्वास का इजाफा हुआ है। मौजूदा हरियाणा सरकार ने पिछड़ा वर्ग के लिए विभिन्न प्रकार की लाभार्थी योजनाएं भी चलाई हुई हैं, जिससे पिछड़ा वर्ग काफी उत्साहित है। आगामी लोकसभा चुनाव में पिछड़ा वर्ग भाजपा एवं नरेंद्र मोदी के साथ शत-प्रतिशत खड़ा मिलेगा एवं हरियाणा की 10 की 10 सीटें जीतकर नरेंद्र मोदी की झोली में डालने का काम करेगा। केंद्र में लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनेगी।

# विप्र होली मिलन समारोह 17 मार्च को ब्राह्मण धर्मशाला में : देशबंधु कौशिक



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 15 मार्च :** जहाज पुल स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में 17 मार्च को विप्र समाज का होली मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला ब्राह्मण सभा के मीडिया प्रभारी देशबंधु कौशिक ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सीपीएस जिले राम शर्मा, जय माता ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन बनभौरी धाम के अध्यक्ष एवं संस्थापक सुरेंद्र कौशिक, पूर्व चेयरमैन सुमन शर्मा हांसी व शिक्षक मेहता शर्मा हांसी शिरकत करेंगे। देशबंधु कौशिक ने बताया कि समारोह की शुरुआत प्रातः 9:00 बजे हवन यज्ञ से होगी। हवन यज्ञ के उपरांत धर्मशाला के ऑडिटोरियम में होली मिलन समारोह का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य विप्र समाज को संगठित करना, आपसी भाईचारा बढ़ाना तथा समाज में आपसी सहयोग को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन से समाज को एक नई दिशा मिलती है और समाज के प्रति अपने दायित्व का भी आभास होता है। उन्होंने विप्र समाज से इस समारोह में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।

# राम शरणम आश्रम के 28 वर्ष पूरे होने पर सामूहिक जाप व भजन संध्या 16 को, अमृत वाणी सत्संग 17 को

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 15 मार्च :** गुरु महाराज के आशीर्वाद से श्रीराम शरणम आश्रम, अर्बन एस्टेट-।। हिसार को बने हुए 28 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में आश्रम के प्रांगण में 16 व 17 मार्च को सामूहिक जाप, भजन संध्या व अमृतवाणी सत्संग का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए आश्रम के सेवादार एल.डी. पोपली ने बताया कि 16 मार्च को प्रातः 5:30 बजे 28 घंटे का जाप प्रारंभ होगा तथा 6:00 बजे से 6:30 बजे तक सामूहिक जाप और फिर आगे बारी-बारी से जाप चलता रहेगा। इसी दिन शाम को 7:00 से 8:00 तक भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा जिसमें अनेक भजन गायक भजनों की वर्षा करेंगे। 28 घंटे का जाप 17 मार्च को सुबह 9:30 बजे संपन्न होगा। इसके बाद 9:30 बजे से 11:00 तक अमृतवाणी सत्संग होगा। कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# थुराना में पेयजल की तंगी के खिलाफ ग्रामीणों ने किया जोरदार प्रदर्शन

### *विधायक के दबाव में कार्यकारी अभियंता नहीं खोल रहे टेंडर : मनोज राठी*



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 15 मार्च :** हांसी क्षेत्र के गांव थुराना में पिछले लंबे समय से चल रही पेयजल समस्या से गुस्साई महिलाओं व ग्रामीणों ने शुक्रवार को जन स्वास्थ्य विभाग के अधीक्षक अभियंता के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज राठी ने किया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए मनोज राठी ने कहा कि थुराना गांव में पीने के पानी की समस्या है। यहां लोगों के पास नहाने के लिए पानी नहीं है, पीने के लिए पानी नहीं है, उन्हें मजबूरी में खारे पानी से कपड़े धोने पड़ते हैं, नहाना पड़ता है और पीना पड़ता है। उन्होंने कहा कि जब बड़े-बड़े अधिकारी और नेता बिसलेरी का पानी पीते हैं लेकिन थुराना गांव वालों को जलघर से भी भी अच्छा व साफ-सुथरा पानी नसीब नहीं हो रहा। उन्होंने कहा कि सरकार ने थुराना में 14 करोड रुपए की लागत से डिग्गी मंजूर की थी और इसका टेंडर भी लगाया जा चुका है लेकिन काफी समय से कार्यकारी अभियंता विधायक के दबाव में टेंडर खोल नहीं कर रहा। मनोज राठी ने कहा कि अधिकारी जनता के हित में आज ही यह टेंडर खोलें ताकि डिग्गी बन सकें और ग्रामीणों को राहत मिलें। उन्होंने कहा कि हांसी सहित हरियाणा की जनता ने मन बना लिया है कि अब भाजपा की सरकार को भगाना है और कांग्रेस की सरकार लानी है।

### *हिसार संघर्ष समिति जिला उपायुक्त को तहसील कार्यालय में लोगों को आ रही परेशानी से करवाएगी अवगत*

# तहसील कार्यालय में बैठने व पीने के पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं से महरूम हैं लोग : जितेन्द्र श्योराण



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 15 मार्च :** हिसार संघर्ष समिति के अध्यक्ष जितेंद्र श्यारोण ने बताया कि तहसील परिसर में आमजन को रोजाना अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। प्रतिदिन यहां काफी संख्या में लोगों का आना-जाना रहता है जिससे सरकार को भारी राजस्व की प्राप्ति भी होती है। सरकार को राजस्व देने वाली जनता को यहां बैठने तक सुविधा उपलब्ध नहीं है।

जितेंद्र श्योराण ने बताया कि तहसील कार्यालय में पहुंचने वाले लोगों में सबसे अधिक संख्या बुजुर्गों व महिलाओं की होती है जो जमीन, मकान, प्लॉट आदि की रजिस्ट्री के लिए यहां पर आते हैं, जिन्हें सुविधाओं के नाम पर यहां कुछ भी नहीं मिलता है। ना ही बैठने की जगह है, ना पीने के लिए पानी, ना ही कोई डिजिटल टोकन मशीन का इस्तेमाल आमजन को हाजिर होने के लिए लगाया गया है। महिलाओं एवं बुजुर्गों को सुबह से लेकर कई बार तो शाम तक भी इंतजार में करना पड़ता है। रजिस्ट्री इत्यादि के राजस्व का देश एवं प्रदेश की सरकार व सिस्टम को चलाने में अहम योगदान होता है फिर भी जो नागरिक राजस्व देने के लिए प्रशासनिक कार्यालय में आते हैं वे सुविधाओं के नाम पर खुद को बिल्कुल ठगा सा महसूस करते हैं।

श्योराण ने कहा कि प्रशासन का यह दायित्व बनता है और जनता का अधिकार भी कि कार्यालय में पहुंचने वाले लोगों का काम समय अनुसार व सिस्टम से हो और इसके अलावा उन्हें बैठने व पानी इत्यादि की सुविधाएं उपलब्ध हों। इसी संबंध में हिसार संघर्ष समिति सोमवार को जिला उपायुक्त को एक पत्र सौंपकर तहसील कार्यालय में लोगों को आ रही परेशानियों को दूर करने की मांग उठाएगी। उन्होंने कहा कि उनके समक्ष इस समस्या को लेकर काफी लोग आ चुके हैं इसलिए प्रशासन से मांग की जाएगी कि तहसील कार्यालय की व्यवस्था को दुरुस्त कर आमजन को राहत प्रदान की जाए।

# दयानंद महाविद्यालय हिसार में दो दिवसीय 70वीं वार्षिक खेल प्रतियोगिता सम्पन्न

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 15 मार्च :** दयानंद महाविद्यालय हिसार में दो दिवसीय 70वीं वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर नवीन बुरा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि खेल से आपसी भाईचारे के साथ-साथ नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। खेल हमें शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाता है। इसमें सभी को शिरकत करनी चाहिए। मुख्यअतिथि अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर नवीन बुरा ने बताया कि छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी हिस्सा लेना चाहिए ताकि उनका सही तरीके से बौद्धिक विकास हो सके छात्रों को अपना लक्ष्य निर्धारित कर के ही मंजिल की तरफ बढ़ना चाहिए तभी वह अपनी मंजिल को प्राप्त कर सकेंगे। कार्यक्रम की सचिव प्रोफेसर सुरजीत कौर ने बताया कि खेल प्रतियोगिता में सो मीटर की दौड़ में लड़कों के वर्ग में बीए प्रथम वर्ष के छात्र अजीत ने पहला, बीए तृतीय वर्ष के छात्र मोहित ने दूसरा और अजय कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।



लड़कियों के वर्ग में बीए प्रथम वर्ष में निशा ने प्रथम, बीए प्रथम वर्ष की साक्षी ने दूसरा और बीए प्रथम की छात्रा निशु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर की महिला वर्ग दौड़ में नीशु प्रथम साक्षी ने दूसरा और निशु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया लड़कों में अजय ने दूसरा और मोहित ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जंप प्रतियोगिता में लड़कियों के वर्ग में नीशा ने पहला, पलक ने दूसरा और नीशु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कों के वर्ग में अजीत ने पहला, अजय ने दूसरा और अमन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। बेस्ट एथलीट लड़कों में बीए प्रथम के छात्र अजीत व लड़कियों में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा निशा को चुना गया। कार्यक्रम में डॉ प्रदीप कुमार, अमित कुमार, पवन कुमार, सुनील कुमार व डॉ रवीन्द्र कुमार ने निर्णायक की भूमिका निभाई। सभी विजेता छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंच का संचालन अमित कुमार ने किया। इस अवसर पर डॉ शम्मी नागपाल, डॉ वलेरिया सेठी, नरेन्द्र कुमार, मंजीत सिंह आदि विशेष तौर पर मौजूद थे।

# मूलचंद शर्मा को पुनः कैबिनेट मंत्री बनाए जाने से ब्राह्मण समाज में खुशी का माहौल : कौशिक



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 15 मार्च :** श्री बाला जी मोटर ड्राइविंग स्कूल के संचालक एवं सामाजिक कार्यकर्ता संजीव कौशिक ने सरकार के पुनः गठन के उपरांत मूलचंद शर्मा को फिर से कैबिनेट मंत्री का पद दिए जाने पर खुशी जाहिर की है। संजीव कौशिक ने कहा कि इससे समाज में खुशी का माहौल है। उन्होंने मूलचंद शर्मा को मंत्री व नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भाजपा सबका साथ, सबका साथ, सबका विश्वास की नीति पर चलते हुए सभी वर्गों को समान हक प्रदान कर रही है। इसके अलावा राजेंद्र शर्मा, सत्यवान, प्रदीप कौशिक, जितेंद्र व प्रवीन आदि ने भी खुशी जताई व शुभकामनाएं दीं।

# श्री श्याम मित्र मण्डल ने खाटू के लिए किए 6 डाक निशान रवाना

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 15 मार्च :** श्री श्याम मित्र मण्डल हांसी के प्रधान जगदीश मित्तल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हांसी से खाटू जी के लिए 6 डाक निशान बड़े ही हर्षोल्लास व नाच गाकर भक्तों ने श्री श्याम मन्दिर हांसी से रवाना किये। भक्तों ने नगर की परिक्रमा की और ये डाक निशान रात दिन चल कर 48 घंटे में खाटू जी 24 भक्तों द्वारा पहुंचाये जायेगें। इस अवसर पर भगवत स्वरूप सिंगला, पप्पू खरड़िया, प्रवक्ता राघव गोयल, अजय कम्बीरी, मोहित मित्तल, लक्ष्मीकान्त उर्फ लच्छू, बबलू गामड़िया, नितिश खरड़िया, सुनील दत्त मित्तल आदि उपस्थित थे।




प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33–एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33–एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।

सम्पादक : आशीष मलिक
उप–सम्पादक : मनोज कुमार

विजय कुमार : 98964–72584
श्याम नागपाल : 92552–73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960–38818
Email : dailypathakpaksh@yahoo.in
कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)
किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।



SEXUAL HEALTH CLINIC

ARE YOU SUFFERING FROM
ERECTILE DYSFUNCTION ?
NO ONE CAN TOLERATE THE TRAGEDY OF BEDROOM KEEP THE SPARKLE ALIVE BY MAINTAINING SEXUAL HEALTH
At the sexual wellness clinic we adopt a humane approach for comprehensive evaluation and management of sexual problems.
Just removing wrong notions about sexuality cures you for ever no need of costly drugs
- क्या आपका लड़का या लड़की शादी से इंकार करता है ?
- क्या आपका बच्चा किसी मनोरोग से ग्रस्त है और आप उसकी शादी का विचार बना रहे हैं ?
- क्या आपका बच्चा शादी से घबराता है ?
- क्या आपके बच्चे को मैरिज काऊंसलिंग की जरूरत है ?
- क्या आपके बच्चे का विकास नहीं हुआ और हॉरमोन्स की कमी नजर आ रही है और आप उसकी शादी करना चाहते हैं ?
- क्या आपके बच्चे की दोबारा शादी होनी है ?
- क्या आपका बच्चा किसी गलतफहमी का शिकार है ?

A Qualified Psychiatrist Specialized in Sexual Medicine

DR. PREM MUNJAL
M.B.B.S., D.P.M., D.H.A., C.S.E.P.I. (Sexology)
Consultant Psychiatrist & Sexologist
Sexual Health Checkup for Appointment
9812006982
TIMING : 12:00 AM to 2:00 PM
CONFIDENTIALITY & PRIVACY ASSURED
The Only Qualified & Experienced Psychiatrist of Haryana, Specialized in Sexual Medicine
MUNJAL HOSPITAL
Rishi Nagar, Near Budhla Sant Mandir, Hisar



नलवा लैब, ब्लड बैंक एंड एल्ट्रासाउंड सैंटर
विश्वास की आधारशीला

ALL SERVICES ARE AVAILABLE 24X7
Bone Marrow Biopsy एवं FNAC
कि विश्वसनिय रिपोर्ट करने का एकमात्र स्थान
अंतराष्ट्रीय स्तर पर रिपोर्ट मान्य।
83, रैड स्क्वेयर मार्केट, हिसार
87083-82803, 90173-11116



Host your functions in
Largest Airconditioned Banquet of Haryana (12000 sq.ft.)
Midtown GRAND
BANQUETS ✦ CONFERENCES ✦ ROOMS

Contact : Vikas Aggarwal 98960-85200
Reception : 98960-06900, 99960-04411